The elder brother asked Ba-ra-da: "What for has the younger brother led these soldiers ?" The younger replied: "I was afraid to encounter trouble from robbers while on the way. So I have come with an army. It is for my own defence and protection; there is no other intention. I pray the elder brother to return to the country and administer the government."

The elder brother replied: "I have already received father's order, and being exiled far away have come here. How can I return suddenly now ? If I take liberty I shall not be called a virtuous son."

Thus his sense of filial piety was very refined. He sought austerities without stop. His will was solid. It was persistent and ever harder. The younger brother knew that after all it could not be changed.

Subsequently the younger brother asked for the leather sandals of his elder brother. Getting these he returned with them to the country in distress, disappointment, anguish and affliction.

He supervised administration. He always put the leather sandals on the throne. Daily, evening and morning, he worshipped them and took orders from them, as if from his real elder brother. He constantly sent men to that mountain. He often prayed his brothers to return. But the father had formerly commanded them to return after a term of twelve years, which had not yet come to an end. So they were extremely filially pious and loyal. They never behaved contrary to the father's command.

Gradually the term came to an end. They knew that their younger brother had often sent polite messages to call them back. They also knew that he respected the sandals just as much as the eldest brother. Ra-ma was moved by his younger brother's tenderness. At last they returned to the country.

As soon as he was back in the country the younger brother returned and conceded the throne to him. The elder brother again gave it back and said: "Father formerly gave it to the younger brother. I should not take it." The younger brother returning it once more said: "The brother is the heir as well as the eldest, and is charged with father's work. Properly this pertains to him."

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

It went on like this, each refusing to accept the kingdom. Ultimately the elder could not resist. On his return he became the king. The brothers, younger and elder, were faithful and tender to each other. It had wholesome educative influence on the people. Morals became universal. The subjects relied upon [the king to set the ethical norm for them]. Loyalty and filial piety prospered. Men pondered and bestirred themselves to service, filial piety and reverence. Though Ba-ra-da's mother had perpetrated great wickedness, there was no grudge at all [against her].

On account of this loyalty and fidelity to parents wind and rain came in due season. The five cereals ripened in abundance. People had no disease. All people in Yem-bu-dai were thriving and grew richer ten times than before.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पूर्वेशिया और हमारे पूर्वपुरुष

विक्रमाब्द १२० में वुङ् सम्राट् मिङ् को एक शुभरात्रि में दिव्य स्वप्न हुआ कि पश्चिम दिशा के आकाशमार्ग से उड़ते हुए स्वर्णमय भव्यात्मा ने महल में प्रवेश किया। महल जगमगा उठा। चन्द्र की ज्योत्स्ना और सूर्य की रश्मियां फीकी पड़ गईं। महाराज ने चरणवन्दना की। प्रातः हुआ तो ज्योतिर्विदों ने पता लगाया कि यह स्वर्णकाय आत्मा पश्चिम देश के महामुनि पारंगत शुद्धोदन-पुत्र शाक्यसिंह सम्यक्-सम्बुद्ध भगवान् गौतम हैं। तत्काल महाराज मिङ् ने तीन महामात्यों को थ्येन् चुओ अर्थात् देवभूमि जम्बुद्वीप में जाकर बौद्ध सूत्र और आचार्यों का अन्वेषण करने तथा सत्कारपूर्वक लाने के लिए आदेश दिया। ये धर्मसूत्र और धर्माचार्य गवेषक राजदूत कुछ ही मास के पश्चात् भारत के दो विद्वद्रत्नों को साथ लेकर महाराज मिङ् के पास पहुंचे। ये विद्वद्रत्न थे काश्यप मातंग और धर्मरत्न। महाराज ने लोयाङ् नगर में इनके लिए श्वेताश्व-विहार की स्थापना की। हमारे पूर्वपुरुष मातंग और धर्मरत्न ने देवानामिन्द्र शक्र के समान श्वेत अश्वों पर आरूढ होकर जम्बुद्वीप से चीन की राजधानी तक यात्रा की थी। इन्हीं पर अनेक धर्मग्रन्थ और रजत-सुवर्ण-मरकत तथा स्फटिक की विशाल और वैभवमयी मूर्तियों ने भी यात्रा की थी। काश्यप मातंग और धर्मरत्न ने ४२ खण्डों के सूत्र का निर्माण किया और चीन के राजकुल में बुद्धधर्म के आदर्शों का पौधा लगाया। काश्यप मातंग मध्य-जम्बुद्वीप के निवासी थे।

राजनैतिक हलचल के होते हुए भी लोयाङ् के श्वेताश्व-विहार में धर्मकार्य बन्द नहीं हुआ। पश्चिम के देशों से पण्डित और मुनिगण आर्यमार्ग के सिद्धान्तों को लाते रहे। विक्रमाब्द २८० के लगभग मध्यभारत से हीनयान के आचार्य धर्मकाल ने चीन में प्रवेश किया। धर्मकाल का जन्म बड़े घराने में हुआ था। बाल्यकाल में इन्होंने वेद-वेदांगों का अभ्यास किया था। चीन में आकर इन्होंने प्रातिमोक्षसूत्र का अनुवाद किया। इस समय तक चीन में संसार-विरक्ति की भावना का सर्वथा अभाव था। चीनी संस्कृति में जीवन के भोग और आनन्द का ही स्थान था। चीन को इस भावना के समझने और स्वीकार करने में लगभग २०० वर्ष लगे।

आदिकाल से भारत के समान चीन के दो भाग रहे हैं—एक उत्तरापथ और दूसरा दक्षिणापथ। चीनी उत्तरापथ के साथ हमारा सम्पर्क स्थलमार्ग से था और दक्षिणापथ से जलमार्ग से। समुद्रमार्ग विक्रम से पूर्व खुल चुका था। हमारे विद्वान् और साहसी व्यापारी सुमात्रा, जावा, थाई, कम्बोज और चम्पा होते हुए दक्षिण चीन पहुंचा करते थे। विक्रम की दूसरी शताब्दी में चम्पा-स्थित वोकान के संस्कृत शिलालेख हमारे साक्षी हैं।

आज हम जो कुछ आपको सुना रहे हैं उसका आधार चीन के प्राचीन इतिहास हैं। हमारे अपने साहित्य में एक भी पंक्ति नहीं मिलती। कुछ हमारी इतिहास के प्रति उदासीनता वा कुछ कराल काल की कृपा जिसके कारण सहस्रों, लाखों ग्रन्थ पिछले एक सहस्र वर्षों में प्रकृति अथवा बर्बर आततायियों ने नाश किए।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



Sanskrit dhāraṇī-mantra inscription on the Chü-yung-kuan near the Great Wall of China, about 60 kilometers NE. of Peking with its translation in Tibetan, Ḥphags-pa, Uigur, Tangut and Chinese. Beginning of the 14th century.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आज का भारतीय निरुत्साह, भूमिबद्ध, स्थावर सा, अन्यबुद्धि, दूसरों का मुंह ताकने वाला प्रतीत होता है। प्राचीन भारत के निवासी विशदबुद्धि, नये मार्गों के अन्वेषक, असभ्य देशों को सभ्य बनाने वाले, प्रकृति के उपासकों को आध्यात्मिकता के उपदेश सुनाने वाले, निर्भय और विश्व के गौरव थे। हममें उनका रक्त विद्यमान है, किन्तु उनकी प्रखरता और ज्वाला मन्द हो चुकी है।

जिस समय भारत के वणिक्पोत शिल्पियों, शिल्परत्नों, विद्याधनियों तथा विद्याधन से लदकर द्वीपद्वीपान्तरों में ज्ञान और विज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिए मासानुमास, वर्षानुवर्ष गुजरात, केरल, चोल, उडीसा और वंग के समुद्रतटों से प्रस्थान करते थे, वह समय भारतीय मस्तिष्कों में प्रातः सायं स्मरणार्थ दिव्याक्षरों में अंकित कर देना चाहिए। भारत आलस्य को दूर करे, अन्धतमस् से उन्मग्न हो, कांटों और पत्थरों को हटाता हुआ, गरजता हुआ आगे बढ़े। यही तो हमारे पूर्वजों का इतिहास है।

अब चीन के भारतीय धार्मिक विजेताओं, नहीं नहीं, चीन के भारतीय धार्मिक गुरुओं में से कुछ के चरित्र संक्षेपतः आपको सुनाते हैं।

विक्रम की तीसरी शताब्दी में याज्ञिक ब्राह्मण कुलोद्भूत पण्डित विघ्न ने देशदेशान्तरों में पर्यटन करते हुए लंका से धर्मपद नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ को हस्तगत किया और वहां से चीन को प्रस्थान किया। इन्होंने ही प्रथम बार धर्मपद का चीनी में अनुवाद किया। यह ग्रन्थ अभी तक विद्यमान है। इसमें शिक्षा, श्रद्धा, शील, भावना, यमक, प्रमाद-चित्तादि, तथा निर्वाण, संसार, और सौभाग्यान्त ३९ अध्याय हैं।

विक्रमाब्द ३२२ में वु, वाइ और शू इन तीनों राजवंशों का ह्रास होकर पाश्चात्य चिन् वंश का उदय हुआ। इस वंश के आधो शताब्दी के राज्य में भारतीय विद्वान् और उनके सहायकों ने ५०० से अधिक ग्रन्थों का चीनी में अनुवाद किया। केवल भारतीय ही नहीं, किन्तु मध्येशिया, तुर्किस्थान और स्वयं चीन के पण्डितों ने धर्मरक्ष आदि संस्कृत नाम धारण किए और भारतधर्म की सेवा की। अमिताभ और अवलोकितेश्वर के सम्प्रदायों का आरम्भ हुआ। सद्धर्मपुण्डरीक और पञ्चविंशति-माहस्रिका प्रज्ञापारमिता जैसे जटिल और दुरूह किन्तु युगप्रवर्तक महान् ग्रन्थों का चीन के जीवन में प्रवेश हुआ।

दक्षिण में नानकिङ् आरम्भ से ही भारतधर्म का केन्द्र रहा। विक्रमाब्द ३७४ में प्राच्य चिन् वंश की अरुणिमा के साथ भारतधर्म का दीप भी चमक उठा। भारतीय विद्वानों का नानकिङ् में तांता बन्ध गया। राजपुत्र श्रीमित्र ने राज्यभार छोड़कर धर्मसेवा को अपनाया और उत्तर चीन से होता हुआ नानकिङ् में आ पहुंचा। श्रीमित्र तान्त्रिक था। इसीने चीन में तन्त्र का प्रसार किया। तान्त्रिक मन्त्रों अथवा धारणियों का इसने चीनियों को शुद्ध उच्चारण सिखलाया। इनको विश्वविख्यात धारणी महामायूरीविद्याराज्ञी है। इन्हीं दिनों धर्मरत्न ने आगम साहित्य के ११० संस्कृत ग्रन्थों का चीनी में भाषान्तर किया। इस युग में उत्तर और दक्षिण दोनों ही भागों में आगमों का अनुवाद बड़े वेग से चला। इनमें से गौतम संघदेव कश्मीर के निवासी थे। संघदेव सर्वास्तिवाद के अनुयायी थे। इन्होंने ही चीन में भारतीय दर्शन का श्रीगणेश किया तथा ज्ञानप्रस्थान और महा-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विभाषा जैसे अभिधर्म के मुख्य ग्रन्थों का चीनी में भाषान्तर किया।

चीनी साहित्य में इससे पूर्व दर्शनशास्त्र का सर्वथा अभाव था। इस अभाव की पूर्ति संघदेव और उनके अनुयायियों ने की। इनके काम को बुद्धभद्र ने आगे बढ़ाया। बुद्धभद्र का जन्म कपिलवस्तु में हुआ था। ये शाक्यमुनि के पितृव्य अमृतोदन के वंशज थे। कश्मीर में रहकर इन्होंने विनय का अध्ययन किया। जब प्रसिद्ध चीनी यात्री फाहियेन कश्मीर में आए और इनके गम्भीर पाण्डित्य का साक्षात् किया तो प्रार्थना की, भगवन् चीन में चलिए और प्रवचन कीजिए। उत्तर भारतखण्ड को पार करते हुए गंगासागर संगम के समीप से बुद्धभद्र ने जलयान पर पदार्पण किया और वहां से टोंकिन पहुंचे और टोंकिन से चीन। चीन में उनका कूचा के भिक्षु कुमारजीव से शास्त्रार्थ हुआ और तबसे इनकी ख्याति आठों दिशाओं में फैल गई। ये चीन में अवतंसक सम्प्रदाय के प्रवर्तक बने। संक्षेप में इनका सिद्धान्त निम्न प्रकार है।

प्रत्येक भूमि के कण में असंख्य बुद्ध विद्यमान हैं जो अवर्णनीय उदात्तभावपूर्ण असंख्य लोकों की अभिव्यक्ति करते हैं। इनका आभास एक क्षण में और एक विचारसूत्र में संग्रथित है। ये सूत्र, भूत वर्तमान और भविष्यत् के समस्त कल्पों की ग्रन्थि हैं। निखिल बुद्धक्षेत्र और बुद्ध आत्माएं मेरे अपने काय में अबाध आविर्भूत होती हैं और एक केशाग्र पर भी एक विशाल बुद्धक्षेत्र दृष्टिगोचर हो जाता है। प्रत्येक द्रव्य में अन्य समस्त द्रव्य अन्तर्विद्ध तथा व्याप्त हैं। एक भी कण के नाश होने से समस्त विश्वसंहति अपूर्ण हो जाती है। अन्योय प्रवेश, अन्योय आश्रय महायान विचारधारा के शिखर हैं। जब तक अन्तर्दृष्टि की उपलब्धि नहीं होती तब तक जगत् इन्द्रियों के गोचर तक ही सीमित रहता है और मनुष्य दुःख और पीडा से बाहर नहीं निकल सकता। बुद्ध की करुणा समन्तभद्र, अर्थात् सबका भला हो, इस भावना से प्राणियों को अपनी गोदी में लेती है। छः पारमिताओं के द्वारा दश भूमि आरोहण करने पर बोधिसत्त्व अवस्था से मनुष्य बुद्धावस्था को प्राप्त होता है।

विक्रम की पांचवीं शताब्दी के प्रख्यात विद्वान् धर्मनन्दी हैं। ये संस्कृत आगम साहित्य के परम विज्ञ थे। इनका जन्म तुरुष्क देश में हुआ था। इनके अवशिष्ट ग्रन्थों में एकोत्तरागम तथा अशोक-राजपुत्रचक्षुर्भेदनिदानसूत्र विशेष उल्लेख के योग्य हैं। भारतीयता का जहां चारों ओर सम्मान था वहां कभी-कभी कन्फ्यूशस् और ताओ मत के अनुयायियों से संघर्ष भी हो जाता था। इन संघर्षों में छोटे और बड़े राजा भी भाग लिया करते थे। अनेकों बार विरोधी राजाओं ने चीनी भिक्षुओं को बलात् गृहस्थ में प्रवेश कराया और बौद्ध विहारों को भस्मसात् किया। किन्तु ऐसी स्थिति कुछ समय तक ही और कभी-कभी ही हुआ करती थी। भारतधर्म का चीन में उत्तरोत्तर आदर और प्रचार फैलता गया। लाखों, करोड़ों चीनियों ने बुद्धधर्म की शरण ली।

चीन की लिपि शब्दलिपि है। इस लिपि का शब्द की ध्वनि से कोई सम्बन्ध नहीं। वर्णमाला की कल्पना ही नहीं। जो व्यक्ति पढ़ना, लिखना सीखना चाहता है उसको सहस्रों चित्रमय चिह्नों का अभ्यास करना पड़ता है। समस्त जीवन लगाने पर भी, कोई चीनी विद्वान् यह नहीं कह सकता कि मैं लिखे हुए सब शब्दों को पढ़ सकता हूं। जिस समय भारतवर्ष के सहस्रों नाम चीनियों के सामने आए तो प्रश्न उठा इनको चीनी में किस प्रकार लिखा जाए। इसके समाधान-स्वरूप भारतीय नामों

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

का अनुवाद किया गया। जैसे बुद्ध भगवान् का नाम। इसको दो अक्षरों के संयोग से अभिव्यक्त किया गया। पहला अक्षर न-वाची और दूसरा मनुष्य-वाची। इस संयोग का भावार्थ—जो मनुष्य नहीं किन्तु मनुष्यों से ऊपर है। प्रायः अनुवाद व्युत्पत्ति के अनुसार किए गए। यथा नागार्जुन का नाम चीनी नाग- और श्वेत-वाची अक्षरों के संयोग से।

किन्तु तन्त्रशास्त्र के मन्त्रों की शक्ति मुख्यतया ध्वनि में निहित है। इसलिए मन्त्रों को चीनी में लिखने की पद्धति का आविष्कार किया गया। इस आविष्कार के लिए चीन आज तक भारत का ऋणी है।

आगे चलने से पूर्व मैं आपको कश्मीर-निवासी ब्राह्मण बुद्धयशस् और उसके इतिहास-विख्यात शिष्य कुमारजीव का परिचय करा देता हूं। कुमारजीव का इतिहास विचित्र है। चीन के सम्राट् ने कूचा के राजा के पास कुमारजीव को मांगने के लिए अपने दूत भेजे। कूचा में कुमारजीव ने अपने जीवन के ३० वर्ष व्यतीत किए थे। उसने कुमारजीव को देने से नकार किया। चीन के राजदूत सेनापति लू कुआङ् ने युद्ध की घोषणा की। कूचा ने काराशार और ओख़ तुर्फ़ान के मित्र राज्यों से सहायता की प्रार्थना की। घमासान युद्ध हुआ। कूचा और उसके साथी हार गए। कुमारजीव को बन्दी बनाकर चीन में लाया गया। इस अन्तराल में चीन के सम्राट् का देहान्त हो गया। और अभिमानी सेनापति लू कुआङ् ने कान्सु प्रान्त में अपना स्वतन्त्र राज्य प्रतिष्ठापित किया। इस राज्य का दीपरत्न कुमारजीव था। पन्द्रह वर्ष की अवधि तक अर्थात् ४५८ विक्रमाब्द तक कुमारजीव यहां रहा। तत्पश्चात् कुमारजीव चीन की मुख्य राजधानी छाङान् में लाया गया। इसको राजगुरु की पदवी दी गई। कुमारजीव के प्रवचनों के लिए विशाल भवन निर्माण किया गया जिसमें तीन सहस्र शिष्य प्रतिदिन उनका प्रवचन सुनते थे।

कुमारजीव के पिता भारतीय कुमारायण थे और इनकी माता कूचा के महाराज की बहिन जीवा थी। कुमारजीव संस्कृत और चीनी के अद्वितीय पण्डित थे। कुमारजीव के जीवन का आदर्श चीनियों को सच्चे धर्म का ज्ञान कराना था। अभी तक जो संस्कृत ग्रन्थों के अनुवाद चीनी में हुए थे, वे विचार और भाषा की शुद्धता में मूल संस्कृत की कोटि तक न पहुंचते थे। सो कुमारजीव ने पुराने अनुवादों का संशोधन और नये अननूदित ग्रन्थों का भाषान्तरण अपने हाथ में लिया। इस बृहत् कार्य में आठ सौ विद्वानों की सेना कुमारजीव को दी गई। इनमें भारतीय और चीनी सम्मिलित थे। कुमारजीव ने अपने जीवन के अन्तिम बारह वर्ष इस कार्य को अर्पण किए।

भारत और इतर देशों के सम्पर्क के इतिहास में कुमारजीव का नाम सर्वप्रथम रहेगा। कुमारजीव ने केवल ग्रन्थों का ही अनुवाद नहीं किया किन्तु माध्यमिक और योगाचार के सिद्धान्तों का भी चीन में प्रवेश कराया। कुमारजीव ने महायान के संस्थापक अश्वघोष की जीवनी लिखी। यह अभी तक चीनी भाषा में विद्यमान है। नागार्जुन के अत्यन्त शून्यतावाद पर कुमारजीव के ग्रन्थ अनुपम हैं।

हमारे पूर्वपुरुषों का चीन में धर्मप्रचार का इतिहास अतिविशाल है। विक्रम की ११वीं शताब्दी तक हमारे पूर्वज चीन में जाते रहे। १०२९ विक्रमाब्द में चीनी त्रिपिटक का प्रथम मुद्रण हुआ। इस मुद्रण के लिए १,३०,००० काष्ठपट्ट उत्कीर्ण किए गए। यह पुण्य कार्य प्रथम सुङ् सम्राट् के राज्य-काल में हुआ। सम्राट् ने स्वयं त्रिपिटक की भूमिका लिखी। अगले ४०० वर्षों में त्रिपिटक

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के बीस भिन्न संस्करण प्रकाशित हुए।

दसवीं शताब्दी तक संस्कृत ग्रन्थों का अनुवाद वेग से चलता रहा। तत्पश्चात् गति धीमी पड़ गई। १०६८ विक्रमाब्द में धर्मरक्ष की अध्यक्षता में नया अनुवाद-मण्डल बनाया गया। ११वीं शताब्दी के अन्त में मध्येशिया पर मुसलमानों का अधिकार हुआ। तब से भारत और चीन का सम्पर्क-मार्ग सदा के लिए बन्द कर दिया गया।

विक्रमाब्द १४८६ में महाराज युन्-लो ने विभिन्न भाषाओं का विद्यालय बनाया। इस विद्यालय में संस्कृत-अध्यापन का आदरणीय स्थान था।

चीन से भारतधर्म कोरिया में पहुंचा। विक्रमाब्द ४२९ में चीन के सम्राट् ने सूत्र और मूर्तियां भेजीं। बारह वर्ष के पश्चात् भिक्षु मल्लानन्द पाकचेई नगर में गया। इसके पचास वर्ष अनन्तर बौद्ध भिक्षु सिल्ला नगर में पहुंच गए। राजाओं ने जीवित प्राणियों की हिंसा का निषेध किया। राजपुत्रों ने काषाय धारण किया। स्थान-स्थान पर बौद्ध विहार बनाए गए।

कोरिया से ५९५ विक्रमाब्द में महाराज कुदार ने भगवान् बुद्ध की मूर्ति, बौद्ध सूत्र और पट जापान के सम्राट् को उपहार रूप में भेजे और संदेश दिया कि आप भी इस सर्वोत्कृष्ट धर्म का प्रतिग्रहण करें। इससे आपको तथा आपकी प्रजा को अपरिमित लाभ होगा। यह धर्म भारत और कोरिया के बीच के सभी देशों का धर्म है। यह संदेश राजसभा में सुनाया गया। इस समय जापान की राजसभा के दो पक्ष थे। इनमें से एक ने संदेश का स्वागत किया और दूसरे ने विरोध।

६५० विक्रमाब्द में जापान का पहला संविधान बना और उसमें बुद्ध, धर्म और संघ रूपी त्रिरत्न को अपना आधार बनाया गया। राजकोय कोष की सहायता से विहार, विद्यालय, चिकित्सालय तथा वृद्ध और अनाथों के लिए धर्मशालाएं बनाई गईं। सूत्रों के अध्ययनार्थ चीन को विद्यार्थी भेजे गए। प्रथम प्रवेश के ७० वर्ष पश्चात् जापान में मन्दिरों की संख्या ४६, भिक्षुओं की ८१६ और भिक्षुणियों की ५६९ हो चुकी थी।

बौद्धधर्म दिनानुदिन उन्नति करता गया। देश के रक्षक भगवान् बुद्ध बने। विक्रमाब्द ७९८ में वैरोचन बुद्ध की ५३ फ़ुट ऊंच कांस्यमूर्ति की नींव डाली गई।

आज जापान में बौद्धधर्म के अनेक सम्प्रदाय हैं। प्रथम जोदो सम्प्रदाय, यह पश्चिमवर्ती सुखावती नामक स्वर्गभूमि के माननेवाले हैं। अमिताभ बुद्ध इनके रक्षक हैं। ज़ेन अथवा ध्यान सम्प्रदाय, योद्धा और क्षत्रियों में बहुत प्रचलित है। ध्यानाभ्यास से वे कठोर यातनाएं अपने आदर्श के पालन के लिए सहन कर सकते हैं। निचिरेन सम्प्रदाय सद्धर्मपुण्डरीक नाम के जप को ही सर्व-कल्याण का साधन मानता है। तेन्दाइ और तान्त्रिक शिंगोन का प्रभाव उच्च कुलों में अधिक है। तथा जोदो और शिंमु साधारण जनता में फैले हुए हैं।

कोरिया और जापान से भारत का सीधा समुद्र द्वारा तथा चीन द्वारा सम्पर्क अवश्य रहा। किन्तु वहां जानेवाले भारतीय आचार्यों, शिल्पियों और व्यापारियों आदि के नाम और चरितों की सूचना का अभी तक कोई स्रोत उपलब्ध नहीं हुआ।

यदि भगवान् आपको पूर्वेशिया के देशों के पर्यटन का सौभाग्य प्रदान करें और आप तिब्बत से अपना भ्रमण आरम्भ करें तो समस्त तिब्बत, मोंगोलिया बाह्य तथा आभ्यन्तर, मंचूरिया, कोरिया,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चीन और जापान के ग्रामों, पर्वतों और नदी नालों के तटस्थित मन्दिरों तथा भक्तों के भवनों में देवनागरी अक्षरों में लिखे हुए संस्कृत मन्त्रों को देखकर अपने दो सहस्र वर्ष प्राचीन पूर्वपुरुषों के लगाए हुए पुण्य वृक्ष के फलफूलों से अपनी आत्मा की तृप्ति कर सकते हैं। और यदि अपने कर्तव्य का तनिक ध्यान हो तो भारतमाता को फिर एक बार उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हो सकते हैं ॥

भद्रं श्रोतृभ्यः।

आकाशवाणी, नागपुर के सौजन्य से (पत्र-संख्या टी. एच. १११५४ दि. १५.१०.१९५३)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चीन की लुङमन् गुहाओं में

लुङमन् की गुहाएं और उनकी मूर्तिकला इस बात की साक्षी है कि एक शक्तिशाली धर्म ने एक भावुक और श्रद्धालु जाति के हृदय में गहरी छाप डाली। यह कला महती जागृति का प्रतीक है। केवल राजकुल ही नहीं किन्तु समस्त राष्ट्र इस कला से अभिभूत हुआ। लुङमन् उज्ज्वल तथा आध्यात्मिक ज्वालाओं का प्रकाश प्राचीन काल से आठों दिशाओं में फैलाता आ रहा है। इनकी कीर्ति और गरिमा केवल यहां तक ही सीमित नहीं। यह कला प्रभूत भूमिखण्डों को पार करती हुई ज्ञान और भक्ति के अजेय बल द्वारा, व्यक्तियों तथा राष्ट्रों को नए प्राणों से अभिषिक्त करती गई। जीवन में सर्जनशीलता आई, प्रगति हुई और राष्ट्रों ने नया रूप धारण किया।

चीन में बौद्ध धर्म का विकास और प्रचार स्वी तथा थाङ राजाओं के काल में शिखर पर था। हमारे पास ऐतिहासिक सामग्री के दो महान् स्रोत हैं—चीनी साहित्य और पुरावशेष। चीनी साहित्य में वंशानुवंश, स्थानुस्थान, इतना ही नहीं, विहारानुविहार विशाल और विस्तृत वर्णन हैं कि किस प्रकार से और किन प्रयोजनों को दृष्टि में रखते हुए किन विहारों का निर्माण हुआ, आदि आदि।

ऐतिहासिक साहित्य में सुकीर्तित स्थान नष्ट हो चुके हैं किन्तु फिर भी ऐसे पुरावशेषों की न्यूनता नहीं जिनके सम्बन्ध में ऐतिहासिक सामग्री इतनी प्रचुर मात्रा में विद्यमान है कि दोनों का सम्बन्ध जोड़ा जा सकता है और बौद्ध धर्म के इतिहास की शृंखला सतत और अविच्छिन्न रूप में जानी जा सकती है।

अधिकांश महत्त्वपूर्ण अवशेष चौथी से बारहवीं शताब्दी तक के हैं। चाहे आठ सौ वर्ष व्यतीत हुए हों, और चाहे सन्त और महात्मा, विद्वान् और आचार्य, सम्प्रदायप्रवर्तक तथा शास्त्रों और सूत्रों के अनुवादक विचक्षण पण्डित इस संसार से चल बसे हों, ये स्मारक अभी तक उनके पुण्यकर्म की घोषणा कर रहे हैं। जब हम साक्षात् इन स्थानों पर खड़े होकर इनके वैभवकाल का चिन्तन करते हुए प्राचीन मूलचित्र अपने मन में निर्माण करते हैं तो श्रद्धाभक्ति का आप्लाव उमड़ आता है। चीन की बीती हुई शताब्दियां क्षणभर के लिए मूर्तिमती हो जाती हैं।

पत्थर, ईंट, मिट्टी, लकड़ी, लोहे, और पीतल के इन पुरावशेषों में सर्वप्रमुख पहाड़ों में बनाई गुहाएं, शिलाओं पर लिखे हुए सूत्रोद्धरण, दो तीन अंगुल से लेकर सौ हाथ तक की ऊंची, विशाल और मनोभिभावी मूर्तियां, प्राचीन सिद्धं लिपि में लिखे हुए तथा समस्त देश में फैले हुए धारणी-स्तम्भ हैं।

किन्तु कला की दृष्टि से अथवा इतिहास की साक्षि-रूपता की दृष्टि से पर्वत-गुहाएं प्रथम श्रेणी में आनी चाहिएं। ३६६+५७ विक्रम से इन गुहाओं का आरम्भ होता है। वंशानुवंश और प्रान्तानुप्रान्त वेषभूषा, वास्तु और चित्रकला, दर्शन और सम्प्रदाय में जो भेद होते गए उनका चित्रण इन गुहाओं में मिलता है। भारत में इन गुहाओं का प्रारम्भ हुआ, चीन में इनका विकास पराकाष्ठा तक पहुंचा। भारत से संबद्ध और प्रभावित किसी और देश में इतनी गुहाएं नहीं हैं और न ही उनमें

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इतनी कलाकृतियां विद्यमान हैं। यदि हम संसार के सभी देशों पर दृष्टिपात करें तब भी चीन की बौद्ध गुहाएं, प्राचीन कला और शिल्प की महत्तम गुहाएं हैं। बौद्धधर्म ने किस प्रकार साम्राज्य प्रवर्तकों और सामान्य जनता के जीवन को अनुप्राणित किया था उसका अनुमान इन पुरावशेषों तथा साहित्यानुशीलन दोनों से ही यथार्थ रूप में हो सकता है।

१५ जून १९५५ को विश्वविख्यात लुङमन् की गुहाएं देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। लुङमन् लोयाङ नगर से चालीस ली (३ ली=१ मील) दूर है। मार्ग में जाते हुए लुङमन् के समीप ही एक कोयले की खान खुदती हुई देखी। घोड़े-गाड़ियां, खच्चर और गधे कोयला ले जाते हुए मार्ग में मिलते रहे। पूछने पर यह निश्चय न हो सका कि कोयला खोदने वाले लुङमन् की गुहाओं पर आक्रमण करेंगे अथवा नहीं।

अब लुङमन् की गुहाओं में आइए। दो खड़ी हुई पहाड़ियों के बीच में से छोटा-सा नाला निकलता है। पहाड़ी असितवर्ण राजाश्म की बनी है। मूर्तियां बनाने के लिए यह पत्थर सुन्दर है। उत्तर वेई वंश के आरम्भ से यहां गुहाएं और मूर्तियां बनने लगीं और थाङ वंश में इनका विस्तार हुआ।

४९३+५७ विक्रम में जब राजधानी लोयाङ बनी और उत्तर वेइ के महाराज तथा उनके सामन्त लोयाङ में आए तो उन्होंने लुङमन् की शिलाओं में जीवन भरना आरम्भ किया। चीनी कवि इनको देखकर मुग्ध हो उठता है और कहता है कि शिलाएं भी स्वयं बुद्ध की पदवी तक पहुंच गई हैं और संसार के जीवन को सुखमय बनाने में सिद्ध हुई हैं।

वेइ महाराज के पश्चात् पूर्वी वेइ, उत्तरीय स्वी तथा थाङ राजाओं ने एक दूसरे से बढ़कर गुहाएं और मूर्तियां बनवाईं। महाराज काओ-त्सुङ तथा महारानी वू के समय में कला पराकाष्ठा पर पहुंची। महाराज श्वेन्-त्सुङ के काल में ह्रास आरम्भ हुआ।

ई नदी के दोनों ओर की पहाड़ियां गुहाओं से भरी हैं किन्तु बाएं तट पर ही लुङमन् की कला का वैभव है। वाम तट की गुहाएं दो भागों में बांटी गई हैं—उत्तर और दक्षिण। उत्तर भाग में प्रथम ६ गुहाएं और दक्षिण में शेष १५ गुहाएं हैं।

लुङमन् में अनेक गुहाओं की तिथि, दाताओं के नाम और खुदाई का वर्णन दिया हुआ है। इससे ऐतिहासिक अध्ययन में बहुत सहायता मिली है। सबसे पहली तिथि ४८३+५७ विक्रम है। जिसका अर्थ स्पष्ट है कि लोयाङ को राजधानी बनाने से कुछ पूर्व ही गुहाओं का कार्य लुङ्मन् में आरम्भ हो चुका था।

छोटी बड़ी मिलाकर लुङमन् में एक सहस्र के लगभग गुहाएं हैं।

लुङ्मन् कठोर राजाश्म का बना हुआ है। पत्थर के स्तर क्षैतिज नहीं किन्तु तीस अंश के प्रावण्य पर हैं। अतः गुहाओं का खोदना अत्यन्त कठिन है। परिणामस्वरूप अधिकांश गुहाएं छोटी हैं। परन्तु यहां पत्थर की कठोरता के कारण कला अति सूक्ष्म है। वर्षा और धूप मूर्तियों का अधिक विनाश नहीं कर पाई है। मूर्तियों की रेखाएं गहरी और तट स्पष्ट हैं।

विदेशियों ने चीन की कला में रुचि ली। उसका अनिष्ट परिणाम यह हुआ कि व्यापारियों ने १९१२-१९१३ के लगभग लुङमन् की मूर्तियों के सिर काट कर विदेशियों के हाथ बेचना प्रारम्भ

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

किया। आज लुङमन् की मूर्तियों के सुन्दर ऐतिहासिक शीर्ष लुङमन् में नहीं अपितु यूरोप और अमेरिका के अद्भुतागारों और कलाप्रिय समृद्ध जनों के गृहों की शोभा बने हुए हैं। केवल छ्येन् शि-स्स के आसपास की मूर्तियां इन लोलुप व्यामूढ व्यापारियों के हाथ से बची हैं।

उत्तर वेइ से आरम्भ होकर थाङ वंश तक की कला में महदन्तर उपस्थित हुआ। इसका कारण चीनी राज्य की समृद्धि है। चीन का राज्य पारसीक देश के समीप तक पहुंचा। भोट द्वारा थाङ कला और साहित्य का मगध से सम्बन्ध हुआ। समुद्रमार्ग से लंका का प्रभाव चीन पर पड़ा। इन्हीं दिनों श्वेन्-च्वाङ और ई-चिङ जैसे बौद्ध यात्री वान्-श्वेन्-थ्स जैसे चीनी अधिकारी और दूत भारत में आते रहे। और भारत और चीन के सम्बन्ध बढ़ते गए। गुप्तकला चीन में पहुंची और इन्हीं दिनों पारसीक कला का भी चीन को ज्ञान हुआ।

परिणाम-स्वरूप भारत की उच्च और गम्भीर कला से चीनी कला अनुप्राणित हुई। उत्तर वेइ से लेकर थाङ तक की कला के निदर्शन लुङ्मन् में सुरक्षित हैं। अब हम कुछ गुहाओं का वर्णन करेंगे।

१ली गुहा की मुख्य एवं विशाल मूर्ति शाक्यमुनि की है। दोनों और काश्यप और आनन्द हैं। उपासक रूप में बोधिसत्त्व दक्षिण उत्तर भित्ति पर खड़े हुए हैं। सभी पद्मासनों पर आरूढ हैं। संमुख दो देव पापात्माओं को कुचल कर उनपर खड़े हुए हैं।

इस गुहा की मूर्तियां अच्छे बड़े आकार की हैं। इनमें थाङ् वंश के प्रारम्भिक काल की ओजस्विता भरी है। आज अन्दर की चारों भित्तियां सर्वथा नंगी और कोरी हैं। किन्तु सम्भवतः इनपर रंगीन चित्र रहे होंगे।

२री गुहा में पद्मासन लगाए हुए बुद्ध की १२ हाथ ऊंची मूर्ति है। शरीर सुडौल है। रूपाकृति मनोमोहिनी और तेजस्विनी है। प्रभामण्डल नावाकार है। इसपर पद्म और अन्य पुष्प बने हैं। प्रभामण्डल के चारों ओर ज्वालाएं हैं। उपासक अर्हत् ११ हाथ ऊंचे हैं। सभी में स्वी कला का चमत्कार है।

अन्दर की छत अर्धचन्द्राकार है। मध्य में पद्म। उसके चारों ओर उड़ती हुई अप्सराएं। चारों भित्तियां छोटे-छोटे बुद्धमूर्ति-पूर्ण आलयों और स्तूपों से खचित हैं। ऊपर भित्ति पर चङ्क्वान् के २२वें वर्ष का शिलालेख है (विक्रम संवत् ६४८+५७)। इस लेख के अनुसार मैत्रेय की मूर्ति स्स-थुन् वीथि के निवासी युवक और वृद्धों ने मिलकर खोदी थी। इस शिलालेख के नीचे ही आसन पर मैत्रेय विराजमान हैं। उनके साथ दो अर्हत्, दो बोधिसत्त्व और दो वज्रधर हैं।

३री गुहा लुङ्मन् में सब से वैभवशाली है। यद्यपि मूर्ति समविभक्ताङ्गा है फिर भी औरों की अपेक्षा मुख कुछ लम्बा है और नेत्र पतली इन्दुकला के समान हैं।

भित्ति पर महाराजा और महारानी तथा उनके अनुचर उपासक के रूप में खड़े हैं। उनका रूप वास्तविकता और उदात्तता से पूर्ण है। कुछ जातकों की कथाएं भी प्रदर्शित हैं। एक में आत्माहुति करते हुए बोधिसत्त्व दिखाए गए हैं और दूसरे में सागर से चिन्तामणि की उपलब्धि का चित्रण है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अन्दर की छत कुछ अण्डाकार है। मध्य में विशाल पद्म। उसके चारों ओर उड़ती हुई अप्सराएं और मेघ। गुहा कुट्टिम पर बड़े परिमाण के उत्पल कुसुम और वीचि-मालाएं उत्कीर्ण हैं। इन चित्रों की रक्षा के लिए भूमि पर चटाई बिछाई हुई है। शाक्यमुनि के चरणों पर सिंहयुग्म हैं।

४थी गुहा में कम्बुग्रीव शाक्यमुनि विराजमान हैं। कम्बुग्रीव मूर्तियां थाङ के पश्चात् लुप्त हो गईं। तीसरी और चौथी गुहा के मध्य में उत्कीर्ण शिलालेख के अनुसार वेइ के राजकुमार थाइ ने अपनी माता महारानी वन्-त के कल्याण के लिए बुद्ध की मूर्ति का निर्माण कराया था।

५वीं गुहा चिङ्-शान्-स्स है। सामने भित्ति पर ही मूर्तियों के खोदने का वर्णन है किन्तु तिथि नहीं दी गई। इस लेख के अनुसार थाङ्-वंश के राजा थाइ-त्सुङ् की महारानी वेइ नें इस गुहा को खुदवाया था। और लेखों से तुलना करने पर यह निःसन्देह ६५८+५७ विक्रम से पूर्व का लेख है।

६ठी गुहा में पर्वतानीक की चौड़ाई ३२ हाथ के लगभग है। इसको सम और मसृण बनाकर बुद्ध त्रिमूर्ति पर्वत में से उत्कीर्ण की गई है। मूल योजना के अनुसार बोधिसत्त्व-युग्म और वज्रधर-युग्म खोदे जाने चाहिएं थे। बोधिसत्त्व का सिर ही पूरा हो सका है। दायां बोधिसत्त्व भी अपूर्ण दशा में है। वज्रधरों की तो केवल रूपरेखा ही बनी है। तिथि का कोई निर्देश नहीं।

७वीं गुहा के द्वार के दोनों और वज्रधर खुदे हैं। यहां पर उत्कीर्ण शिलालेख के अनुसार यह गुहा ६८७+५७ विक्रम अथवा उससे भी पूर्व बनी है।

८वीं गुहा में एक सहस्र छोटी-छोटी बुद्ध की मूर्तियां बनी हैं। द्वार के समीप दक्षिण भित्ति पर खुदे हुए शिलालेख पर थ्येन्-शोउ का द्वितीय वर्ष अर्थात् ६९१+५७ विक्रम तिथि दी हुई है।

९वीं गुहा वान्-फो-तुङ् अर्थात् सहस्र-बुद्ध गुहा है। मध्य में शाक्यमुनि अष्टकोण आसन पर विराजमान हैं। दोनों ओर दो अर्हत् और दो बोधिसत्त्व हैं। शाक्यमुनि और उनका आसन गुहा की पीछे की भित्ति में से खोदे गए हैं। शाक्यमुनि के प्रभामण्डल में अनेक बोधिसत्त्व उत्कीर्ण हैं। छत में पद्मपुष्प की परिधि पर शिलालेख है कि युङ्-लुङ् के प्रथम वर्ष में (६८०+५७ विक्रम) भिक्षु च-युन् ने इस गुहा को बनवाया था।

१०वीं गुहा का प्रचलित नाम नतजानु-सिंह गुहा है। इस गुहा में बुद्ध और बोधिसत्त्वों के प्रभा-मण्डल चिन्तामणि आकार के हैं। यहां अनेक शिलालेख हैं। इनमें प्रथम तिथि ६७८+५७ विक्रम और अन्तिम ६९२+५७ विक्रम है।

भित्तिस्थ छोटे बुद्धों के उत्तमांग तोड़ दिए गए हैं। सौभाग्यवश नतजानु-सिंह अविकलांग बच गए हैं। इनकी अप्रतिम शोभा है। बाहर की भित्ति पर पञ्चभूमिक स्तूप खुदा हुआ है। इसकी ऊंचाई ४ हाथ से ऊपर है।

१२वीं गुहा का नाम ता-तुङ् अर्थात् महती गुहा है। इस गुहा का अगला भाग नाश हो चुका है। निचला भाग अपूर्ण छोड़ दिया गया है तथा बाहर की भित्ति अधघड़ी रह गई है। गुहा की ऊंचाई १६ हाथ है। पिछली भित्ति के शिलालेख में तिथि ६९१+५७ विक्रम तथा उत्तर की भित्ति

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पर ६५६+५७ विक्रम तिथि उत्कीर्ण है। आलयों में खुदे बुद्ध ६ हाथ तक ऊंचे हैं।

१३वीं गुहा ल्येन्-ह्वा-तुङ् अर्थात् नीलोत्पल गुहा है। यह गुहा उत्तर वेइ के काल में आरम्भ की गई थी। इस गुहा में अनेक तिथियां दी गईं हैं। गुहा की मुख्य मूर्ति शाक्यमुनि का मुख पूर्ण चन्द्र के समान गोल न होकर कुछ लम्बा है जिससे उसकी शोभा बढ़ गई है। परिधान की रेखाएं ओजस्विनी हैं। यह मूर्ति उत्तर वेइ की परिपक्वता, तेजस्विता, महत्ता और उदारता का सुन्दर निदर्शन है।

१४वीं गुहा के प्रवेश-द्वार पर सिंहयुग्म रक्षा कर रहे हैं। छत ६ हाथ ऊंची है। छत में पद्मपुष्प खोदने का विचार था पर वह अधूरा रह गया है।

१५वीं गुहा की पिछली भित्ति में मुख्य बुद्ध, दो अर्हत् और दो बोधिसत्त्व उत्कीर्ण किए गए हैं। कला की दृष्टि से मूर्तियां साधारण हैं। दाईं और बाईं भित्ति पर बनी हुई बौद्ध पञ्चमूर्ति की तिथि शिलालेख में ६६०+५७ विक्रम दी हुई है। इस गुहा के सामने का भाग अपूर्ण छोड़ा हुआ है।

१६वीं गुहा खण्डित है। यह अपूर्ण है। मैत्रेय को छोड़ कर सब मूर्तियों के उत्तमांग नष्ट हो चुके हैं। छत और कुट्टिम ठीक प्रकार से नहीं बने। ऐसा प्रतीत होता है कि काम बीच में छोड़ दिया गया। भित्तियों पर तीन तिथियों के शिलालेख हैं।

१७वीं गुहा वेइ-अक्षर गुहा है। यद्यपि यह गुहा विशाल नहीं किन्तु उत्तर वेइ की कला की सुन्दर प्रतिनिधि है। प्रभामण्डल अतिहृदयंगम हैं। इस गुहा में भी अनेक तिथि वाले शिलालेख हैं।

१८वीं गुहा का निर्माण उत्तर वेइ में हुआ और जीर्णोद्धार थाङ् काल में। गुहा कुछ लम्बी है। बुद्ध की मूर्ति का आसन अपूर्णघटित है। इस गुहा के शिलालेखों में तीन तिथियां हैं। पहली तिथि ५३७+५७ विक्रम है। द्वार पर गरुड की मूर्ति उत्कीर्ण है।

१९वीं गुहा फङ्-श्येन्-स्स में वैरोचन बुद्ध की सुमहती मूर्ति है। इस गुहा के संबन्ध में शिलालेख का वर्णन है कि थाङ् वंश के श्येन्-हङ् के तृतीय वर्ष (६७२+५७ विक्रम) में महाराज काओ-त्सुङ् ने अर्हद्-युग्म, बोधिसत्त्व-युग्म, देव-युग्म और वज्रधर-युग्म सहित सुविशाल वैरोचन बुद्ध-मूर्ति के उत्कीर्ण करने का आदेश दिया। शाङ्-य्वेन् के द्वितीय वर्ष (६७५+५७ विक्रम) द्वादश मास के ३०वें दिन यह महत् कार्य समाप्त हुआ। इसके लिए महारानी वू ने २० सहस्र क्वान् अपने पास से दान दिए। पांच वर्ष पश्चात् विहार की स्थापना हुई। इस विहार में १४ महापण्डित, जिनकी प्रज्ञा गम्भीर और शील उदात्त था, इस विहार में लाए गए। शिलालेख में आगे वर्णन है—"जब से यह उत्तम धर्म पूर्व में आया है तब से अब तक सात सौ वर्ष से ऊपर हो चुके। बुद्ध-विहार बनाने का पुण्य अग्रगण्य है।"

१९वीं गुहा चीन की बौद्ध कला की चरम सीमा है। इस विहार निर्माण के महत्कर्म में श-ची-स्स के ध्यान-आचार्य शान्-ताओ, फ़ो-हाइ-स्स के धर्माचार्य ह्वी-च्येन् सम्मिलित थे। निर्माण कार्य के अध्यक्ष शान्-ताओ सुखावती संप्रदाय के महाप्रवर्तकों में से हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मूर्तियां पर्वत में से खोदी गई हैं। यहां पहाड़ी की चौड़ाई ६८ हाथ की है और गहराई ८० हाथ। वैरोचन बुद्ध की ऊंचाई २२ हाथ से ऊपर है। केवल आसन ६ हाथ ऊंचा है। प्रभा-मण्डल के शिखर से भूमि तक ऊंचाई ३० हाथ है। आसन वर्गाकार है। प्रत्येक कोने पर रक्षक खड़ा है। दोनों ओर योद्धा खुदे हुए हैं। सहस्रदल कमल के तीन दलस्तर हैं। प्रत्येक दल पर एक बुद्ध खुदा है।

भगवान् बुद्ध की सुन्दर विशाल मूर्ति महत्ता, वैभव और शान्ति की भावना उत्पन्न करती है। शरीर ओजःपूर्ण है। खेद है कि दोनों हाथ नष्ट हो चुके हैं और दोनों घुटने भी बहुत शीर्ण हो गए हैं। प्रभामण्डल नावाकार है। मध्य में कमल, कमल के चारों ओर बौद्ध मूर्तियां और अग्नि-ज्वालाएं इसके अद्भुत अलंकार हैं। यह निःसन्देह और निर्विवाद है कि बलशालिनी ओजस्विता में यह वैरोचन मूर्ति न केवल लुङ्मन् में किन्तु थाङ् वंश की समस्त कला के क्षेत्र में उत्कृष्टतम मूर्ति है।

वैरोचन के बाईं ओर काश्यप और दाईं ओर आनन्द हैं। दोनों की ऊंचाई बीस हाथ से अधिक है। मुखमुद्रा शान्त और भद्रता लिए हुए है। काश्यप और आनन्द के साथ के दोनों बोधिसत्त्व भी सौम्यता की मूर्ति हैं। किन्तु इनमें भी उत्तमांग कुछ अधिक भारी और शरीर कुछ छोटा पड़ता है। यह भेद मूर्तिकारों की दक्षता का भेद है।

दक्षिण और उत्तर की भित्ति में खुदे १८ हाथ ऊंचे वज्रधर देवों की महती मूर्तियां अजेय, अदम्य भावनाओं की व्यञ्जक हैं। किन्तु जो कला-कौशल वैरोचन के निर्माण में दिखाई पड़ता है वह न अर्हतों में, न बोधिसत्त्वों में, और न इन मूर्तियों में है। प्राचीन समय में मूर्तियों के ऊपर वितान रहे होंगे। भित्ति में बड़े स्तम्भों के लिए छिद्र बने हुए हैं।

२०वीं गुहा औषध-योग गुहा है। द्वार के दोनों ओर औषधों के योग दिए हुए हैं।

२१वीं गुहा कू-याङ्-तुङ् कहलाती है। शिलालेख के अनुसार राष्ट्र की समृद्धि के लिए इस गुहा का निर्माण किया गया था। गुहा आयताकार है। छत २० हाथ ऊंची है। कुट्टिम पर दो हाथ मिट्टी भरी गई। ४ हाथ ऊंचे आसन पर शाक्यमुनि विराजमान हैं। आसनों को सिंहों ने उठाया हुआ है। पुरानी मूर्ति का जीर्णोद्धार करते हुए इतना अधिक लेप और रंग चढ़ाया गया है कि इसकी मौलिक शोभा सर्वथा मारी गई। मुख्य बुद्ध की ऊंचाई नौ हाथ है। मुख और परिधान की रेखाओं में मौलिक शोभा है। यदि मिट्टी का लेप ऊपर न किया जाता और उसपर रंग न पोते जाते तो मूर्ति की आभा पूर्ण रूप में दृष्टिगोचर हो सकती।

इस गुहा के शिलालेख केवल तिथियों और अन्य ऐतिहासिक सूचना के लिए ही प्रसिद्ध नहीं किन्तु सुलेख के लिए भी प्रथित हैं। हमने परस्पर भिन्न सौन्दर्यमय सुलेख की दृष्टि से ही २० लेखों की छापें ली हैं। चीनी लेख-सौन्दर्य-विशारदों की दृष्टि से इनका मूल्य बहुत अधिक है।

श-खू-स्स गुहा पूर्वीय पहाड़ी में बनी है। बुद्ध आसन्दी में बैठे हैं। रूपाकृति भव्य है। यह मूर्ति थाङ् कला की उत्तम कृति मानी जाती है। बुद्ध की पीठ के पीछे एक यवनिका बनी हुई है जिसमें भारत की गुप्त कला की छाया झलक रही है। गुहा की भित्तियों पर वज्रच्छेदिका-सूत्र

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उत्कीर्ण है तथा एक सहस्र छोटी-छोटी बुद्ध मूर्तियां बनी हुई हैं। छत में कमल, उड़ती हुई अप्सराएं और मेघ शोभायमान हैं। कला के शत्रु व्यापारियों की लोलुपता से मूर्तियों के उत्तमांग लुप्त हैं।

हमको लुङ्मन् में जितना समय लगाना चाहिए था उतना तो न लगा सके किन्तु जो भी थोड़ा समय मिला उसमें लुङ्मन् की मनोरमता को नेत्रों द्वारा लगातार एकाग्र ध्यान से पान करते गए। और हृदय में बद्धप्रतिष्ठित करते गए कि जीवन के शेष वर्षों तक इस रमणीयता का परिमल साथ रहे। यद्यपि लुङ्मन् चीन की भूमि पर स्थित है और इसका श्रेयस् और गर्व चीनियों को है और होना चाहिए तथापि लुङ्मन् भारत की आत्मा का ही तो खण्ड है। यहां चीनी प्रभाव और परिवर्तन अवश्य है किन्तु मूल और स्थूल दृष्टि से, आध्यात्मिक तथा कला की दृष्टि से इसमें भारत का भी हाथ है। लुङ्मन् में भारतीय वैभव के जो दर्शन हमको हुए उनसे हम कृतकृत्य होकर कोयले की खान की काली धूल से बचते हुए अपने निवास-स्थान पर लौट आए।

जिस रस और आनन्द का अनुभव, जिस प्राचीन और नवीन काल की एकता की भावना आज हुई वह पहले कभी न हुई थी। हमको ऐसा लगा जैसे कि हम पन्द्रह सौ वर्ष पार कर पार्थिव शरीर और नेत्रों सहित गुप्त काल में और गुप्त राष्ट्र में पदार्पण कर गए हों। यह अद्भुत और अविस्मरणीय है और रहेगा॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



The Gāyatrī mantra in Manchu, Chinese, Mongolian and Tibetan scripts

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

THE SACRED VEDIC PRAYER GĀYATRĪ IN THE LANDS OF MAHĀYĀNA BUDDHISM

The Gāyatrī mantra, which is considered to be the central point of Hindu worship has penetrated Buddhist worship too, throughout the vast areas covered by China, Tibet, Mongolia and Manchuria. The political boundaries of the above are crossed over by the Gāyatrī. It has gone wherever the Mongols have gone, for example the Soviet areas of Siberia and Baikal Lake as well as the basin of the Volga where the Kalmuks reside. There one would find the Lamas reciting the Gāyatrī in their musical tones or in a sing-song manner.

The Gāyatrī like other mantras is hardly understood. It is recited for the magic effect of its sound. The Gods understand. It does not matter if the reciter does not.

But not understanding the words has led to many corruptions. Although it has not become unrecognizable, it has strayed far away from the original. No single word has escaped corruption. Vowels and consonants alike have suffered.

We shall note some of these corruptions :

Long vowels have been shortened. The long आ of प्रचोदयात् has been shortened. The long ऊ of भूर् has been shortened. Long ई in धी has been shortened.

ए in वरेण्यं and in देवस्य has been shortened to short इ. ओ in भर्गो, धियो, यो and प्रचोदयात् has been shortened to उ.

On the other hand short इ in धीमहि has been changed to ए.

The final consonants in भूर् and स्वस् have received an additional अ, सुवितुर् has received an additional इ, तत् and प्रचोदयात् an additional उ.

Visargas after भुवः and नः have been dropped.

Even inside the word there is the svarabhakti vowel इ added after र् in भर्गो.

Consonant have also suffered. त in सवितुर् has become द. भ in भर्गो has become ब. ध in धीमहि and धियो has become त. च in प्रचोदयात् has become ज. Devoicing and deaspirating has thus taken place. ण्यं in वरेण्यं has been reduced to नन्.

There are some changes which one would not ordinarily expect. They are the change of ग to व in भर्गो, द in देवस्य to म, स्य in देवस्य to हि, म in धीमहि to न, and द in प्रचोदयात् to न.

Dissyllabic धियो looses its first vowel.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Altogether the above changes result in a number of unrecognizable words, such as बरिवु for भर्गो, मिबहि for देवस्य, तिनहे for धीमहि, त्यु for धियो, यु for यो, and प्रजुनयतु for प्रचोदयात्.

The entire mantra reads as follows :

ओं	भुर्	भुब	स्ब । स	ततु	सबिदुरि	वरिनन् ।
(ओं)	(भूर्)	(भुवः)	(स्वस्)	(तत्)	(सवितुर्)	(वरेण्यम्)
बरिवु	मिबहि	तिनहे	त्यु ।	यु	न	प्रजुनयतु ।
(भर्गो)	(देवस्य)	(धीमहि)	(धियो)	(यो)	(नः)	(प्रचोदयात्)

The first and third punctuation marks are also badly placed. ओं is the only word which is absolutely correct. In the earlier period it seems to have been better known. In the quotation in the Divyāvadāna (p. 638 of Cowell and Neil's edition) there are only two errors.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

LET US CULTIVATE FAMILIARITY WITH CHINESE GEOGRAPHICAL NAMES

China and India are neighbours. They have been so and they shall remain so. But in understanding we are the remotest from China. Even the names of provinces, cities, mountains and rivers that we meet on the map and in newspapers escape our grasp.

Chinese sounds are peculiar. They are distinct from ours. Their combinations, each name being composed of two or three syllables, are new to the Indian ears. They are a challenge to Indian memory.

The only way to grasp these names is to analyse them and understand them. Like their Sanskrit counterparts, they are significant. Sanskrit and Chinese are the two great languages of the world which have the infinite capacity of forming words for the most diverse and complicated situations. Even in modern times, Chinese is coining words by tens of thousands for denoting modern times. Even proper names like Buddha (Fo, literally 'no man', i.e. 'super-man'), Bible (sheng shu) and Roman Catholicism (t'ien chu chiao) find adequate translations. An electric battery (tien hsia-tzu), a bicycle (chiao t'a ch'e), to play billiards (ta t'ung ch'iu-erh) or simple biscuits (kan po-po) all find a translation. There is no such thing as internationalism forbidding the formation of new Chinese expressions.

Hereunder are the names of the 26 provinces of China, arranged in alphabetic order for ready reference. Chinese words are associated inseparably with the Chinese written symbols which denote not the sound but the thing itself, the sound or pronunciation changing from place to place.

Side by side with the standard English spellings of the western maps, I am adding a broad phonetic transcription in Devanāgarī which approximates the Mandarin pronunciation more closely than the Roman transcription. I have avoided the use of diacritical devices which would have only embarrassed the lay reader. For the same reason tones have also not been indicated. The long ā in Devanāgarī represents an open sound and not necessarily a long one.

The Chinese characters are written vertically. But here they are placed side by side as is usually done in modern times when Chinese words and passages have to be quoted in the body of a foreign language. Following the same tradition they are to be read left to right. Normally Chinese is to be read from right to left. Chinese uses no hyphens or any other device to mark out compounds. In Devanāgarī also we have followed the Chinese practice.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

I am grateful to Professor L.C. Cha, to have assisted me in this effort to bring Chinese geographical names within the intellectual horizon of my countrymen.

NAMES OF PROVINCES

安徽

1 **An-hwei** आन् हुइ 'peace in the area of Hwei'. The province lies to the west of Nanking.

浙江

2 **Che-kiang** च च्याङ् 'Che river'. It borders the sea. It is the land of Buddhist temples.

青海

3 **Ching-hai** चिङ् हाइ 'blue lake'. It is the land of the founder of the yellow sect of Tibetan Buddhism. Herein is situated the famous Koko Nor lake.

福建

4 **Fu-kien** फ़ु च्येन् 'blessed area of Kien'. Famous for its lacquer-work.

河南

5 **Ho-nan** ख़ नान् 'South of Ho'. Ho refers to the Hwang-ho river. It is the central province of China.

河北

6 **Ho-peh** ख़ बै 'North of Ho'. In this province is situated the capital of China, Pei-ping or Pe-king.

湖南

7 **Hu-nan** ख़ु नान् 'South of the lake'. Famous for embroidery and tungsten mines.

湖北

8 **Hu-peh** ख़ु बै 'North of the lake'. It is in this province that the revolution to throw the monarchy was started by Dr. Sun Yat-Sen.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

甘肅

9 **Kan-su** कान् सु 'sweetened with peace'. Famous for its Tun-huang caves, otherwise known as the Caves of Ten Thousand Buddhas.

江蘇

10 **Kiang-su** च्याङ् सु 'river at peace'. Here are situated Shanghai and Nanking. It has been noted for its scholars.

江西

11 **Kiang-si** च्याङ् शि 'West of the river'. Famous for chinaware.

廣西

12 **Kwang-si** क्वाङ् शि 'vast space of the West'. It is noted for its landscape, magnificent mountains and rivers.

廣東

13 **Kwang-tung** क्वाङ् दुङ् 'vast space of the East'. Famous for its lichee fruits. Here it may be recalled that lichee is a Chinese word. The people of this province are spread all the world over. The famous town of Canton is its capital.

貴州

14 **Kwei-chow** कुइ चोउ 'noble area'. It was once famous for its silver mines.

蒙古

15 **Mon-ku** मङ् गु 'Mongolia'. The land of nomads and Lamas.

寧夏

16 **Ning-sia** निङ् श्या 'peaceful land of the Sia'. Irrigation has been practiced in this province in the upper basin of the Yellow River since ancient times.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

山西

17 **Shan-si** शान् शि 'West of the mountain'. The cradle of ancient Chinese culture.

山東

18 **Shan-tung** शान् दुङ् 'East of the mountain'. The home of Confucius.

陝西

19 **Shen-si** शान् शि 'West of the Shen valley'. The Buddhist Yun-kang Caves of this province go back to the 5th century A. D. They are the counterparts of Indian Ajanta.

西康

20 **Si-kang** शि काङ् 'prosperous West'. It lies on the Eastern border of Tibet. Here gold is washed out of the water of rivers.

西藏

21 **Si-tsang** शि त्साङ् 'Western treasure-basket'. It is the name of Tibet. Tsang is the same character as is used to translate पिटक (in त्रिपिटक 'the three baskets' of holy Buddhist scriptures).

新疆

22 **Sin-kiang** शिन् च्याङ् 'new territory'. Otherwise known as Chinese Turkestan. Most of it is a desert, sparsely inhabited by Muslims. The ancient route from India to China lay through this province.

綏遠

23 **Sui-yuan** सुइ युआन् 'peaceful frontier'. It is a part of Mongolia with good pastures and fields.

四川

24 **Sze-chwan** स्स च्वान् 'four rivers'. It is the richest heartland of China. Here is situated Chung-king, the wartime capital of Chiang Kai-shek.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

東北

25 **Tung-peh** दुङ् बै 'North-East'. Commonly known as Manchuria. It is the most highly industrialised part of China.

雲南

26 **Yun-nan** युन् नान् 'South of the clouds'. It borders Burma and Indo-China. From Yun-nan and Kwang-si are supplied men and material for the Viet-nam forces fighting in Indo-China.

NAMES OF CITIES

廈門

27 **A-moy** श्या मन् 'building-gate'. One of the first sea-ports visited by Euro-peans.

廣州

28 **Can-ton** क्वाङ् चोउ 'spacious city'. Here, and in two subsequent names, चोउ denotes the capital of a province. The people are adventurous traders.

福州

29 **Foo-chow** फु चोउ 'blessed city'. From here the Chinese have spread all over South-East Asia.

香港

30 **Hong-kong** हाङ् काङ् 'fragrant harbour'. It is an island town, still the stronghold of the British.

杭州

31 **Hang-chow** हाङ् चोउ 'Hang city'. Famous for works of art and for its West Lake.

昆明

32 **Kun-ming** कुन् मिङ् 'jade-light'. Noted for copperware.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

南京

33 Nan-king नान् जिङ् 'Southern capital'. It has been the capital of the South since ancient times.

寧夏

34 Ning-po निङ् बो 'quiet tide'. An important sea-port.

北平

35 Pei-ping बै पिङ् 'peaceful North', or **Pe-king** बै जिङ् 'Northern capital'. The cultural and political capital of China.

上海

36 Shang-hai शाङ् हाइ 'up the sea'. The industrial and commercial centre of modern China.

天津

37 Tien-tsin ठ्येन् चिन् 'heavenly stream'. The commercial port of North China.

NAMES OF MOUNTAINS

崑崙

38 Kun-lung कुन् लुङ् 'jade mountain'. Famous for its jade. It is a part of Tien-shan, the highest mountain of China, 23600 feet.

南山

39 Nan-shan नान् शान् 'Southern mountain'.

南嶺

40 Nan-ling नान् लिङ् 'Southern range'.

秦嶺

41 Tsin-ling चिन् लिङ् 'Tsin range'.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

阿拉山

42 A-la-shan आ ला शान् 'A-la mountain'.

陰山

43 In-shan इन् शान् 'shaded mountain'.

NAMES OF RIVERS

黄河

44 Hwang-ho ह्वाङ् ख् 'yellow river'. Chinese civilisation developed along this river.

揚子江

45 Yang tze-kiang याङ् त्स च्याङ् 'Yang-tze river'. It is the most navigable of Chinese rivers. The richest provinces lie in its basin.

珠江

46 Chu-kiang चू च्याङ् 'pearl river'. It is the river of South China. The city of Canton is situated on its mouth.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कोरिया और भारत के सांस्कृतिक सम्बन्ध

श्रीलंका, बर्मा, थाइ, कम्बुज, लाव (अंग्रेजी में लाओस)—इन देशों में थेरवाद का प्रसार हुआ। उत्तर में चीन, कोरिया और जापान में महायान का।

कोरिया देश चीन की उत्तर-पूर्व दिशा में स्थित है। यहां से जापान बहुत समीप है अथवा यूं कहें कि जापान का कोरिया समीपतम पड़ौसी है। कोरिया का इतिहास वैसे तो प्राचीन काल से आरम्भ होता है किन्तु हमारा सम्बन्ध चौथी पांचवीं शताब्दी से आरम्भ होता है। इस समय कोरिया में तीन राज्य थे। इनमें से कोगूर्यू राज्य चीन के साथ लगा हुआ था और इसलिए सर्वप्रथम कोगूर्यू राज्य में ही भारतीय धर्म का प्रचार हुआ। महाराज सोसूरिम् वाङ् के द्वितीय वर्ष में ४२९ विक्रम संवत् में सुन्दो नाम का भिक्षु बुद्ध की मूर्ति और सूत्र लेकर कोरिया में प्रविष्ट हुआ। इसके पूर्व का इतिहास हमें नहीं मिलता। विक्रम ४६१ का वर्ष विशेष स्मरणीय है। इस वर्ष में पहला भारतीय आचार्य कोरिया देश में आया और ४३२ विक्रम में दो मन्दिरों की स्थापना हुई। ये मन्दिर प्योङ् याङ् नगर में स्थापित हुए। इन मन्दिरों के नाम थे इबुल्लान् और सुङ्मुन्। भारतीय आचार्य का भारतीय नाम क्या था यह निश्चित करना सम्भव नहीं। कोरिया में उसका नाम आदो प्रसिद्ध है। आचार्य आदो के आगमन के दस वर्ष पश्चात् महाराज चिम्-र्यू-वाङ् के प्रथम वर्ष में दूसरे भारतीय आचार्य कोरिया में पधारे। इनका नाम था मल्लानन्द। ये पेकजे नाम के दूसरे कोरिया राज्य में पधारे। इनके आगमन के पश्चात् पेक्जे राज्य में भारतीय धर्म का घोषनाद गूंज उठा। नया धर्म, नए विचार, नई कला और नए उल्लास का प्रसार हुआ।

४७४ विक्रम में कोरिया के तीसरे राज्य शिल्ला में महाराज नूल्-चि-वाङ् के काल में कोगूर्यू से होकर एक तीसरे भारतीय आचार्य पधारे। इनके भी शुद्ध भारतीय नाम का पता नहीं चलता। कोरिया में ये मूखोजा नाम से प्रसिद्ध हैं।

कोरिया के तीनों राज्यों में अलग-अलग सम्प्रदायों की स्थापना हुई। कोगूर्यू में सामोन् जोङ् सम्प्रदाय की, पेकजे में यूल् जोङ् अर्थात् विनय सम्प्रदाय, और शिल्ला में यूसिक् जोङ् सम्प्रदाय की। शिल्ला में ही प्रज्ञावाद का प्रारम्भ हुआ। चारों ओर मन्दिरों और विहारों की स्थापना होती गई। राजा और प्रजा ने मुक्तहस्त से श्रद्धा और भक्ति से इनका निर्माण किया। भगवान् बुद्ध की और भारतीय आचार्यों की पीतल की मूर्तियां ढलने लगीं। चारों ओर चित्र बनाए जाने लगे। पूजा आदि में प्रयुक्त पात्रों का निर्माण करने के लिए अनेक शिल्पियों का उद्भव हुआ।

इससे पूर्व कोरिया में कला का स्तर बहुत नीचा था। भारतीय धर्म के प्रवर्तन से वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, काष्ठकर्म, धातुकर्म, लिखना-पढ़ना, दार्शनिक विचार, उपदेशात्मक आख्यान और आख्यायिकाएं — इन्होंने देश को समृद्ध बनाया।

इतना ही नहीं कोरिया स्वयं ही उन्नत नहीं हुआ, किन्तु इसने जापान को भी सभ्यता,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

The area covered by the district of Sheikhupura is included in the ancient territories of Vāhlīka and Madra, both the names going back to the Vedic age.

The earliest reference, and that a most remarkable one, is in the Śatapatha Brāhmaṇa (not later than 1,000 B. C.), a ritualistic comment on the Yajurveda 1.7.3.8: "The Vāhlīkas call fire by the name *bhava*". After a march of three millenia the word has come down in the Lahndi dialect of Sheikhupura and other districts in a slightly syncopated from *bhaa*, only the penultimate intervocal *v* having been dropped—a phenomenon well known among philologists of Indo-Aryan languages.

Among the epics of the world, the Mahābhārata occupies a unique place. In extent, in variety of content and in diction it is the grandest poem. Legend and history, wisdom and philosophy, arts of war and peace are all narrated with ease and charm. It comprises a hundred thousand stanzas. The earliest portions must have been composed just after the actual Mahābhārata war. Our own tradition places the war in 3,000 B. C., while some of the modern European historians place it as late as 1,000 B. C. In the eighth book, the Karṇaparva, Śalya the king of Madra and Karṇa the Commander-in-chief of the Kaurava forces engage in hot words, in the course of which Karṇa makes a lengthy accusation: "You are born in a mean country (*ku-deśa-ja*, chapter 40 st. 20). A Madra is never faithful to a friend (*mitra-dhruk*, 40.23). He is a liar, never straight (st. 24), ever unclean (st. 30). Their womenfolk drink heavily, eat the prohibited flesh and dance naked. They urinate standing like animals (st. 27, 35, 37). Fair in complexion, tall and heavy, they wear woollen blankets. They are known to be great gluttons (st. 40-41). They prepare liquor from rice and *guṛ*. They are fond of garlic (44.11). They abuse each other in the terms: *he hate, he hate, svāmibhartṛ-hate* 'you wretched, miserable, you murderer of your husband.' The same phraseology is in use today *mar-jāṇiye, ruṛ jāṇiye, khasam nu khāṇiye*.

"A certain lover while residing in the neighbouring Kuru-Jāṅgala land cherishes sweet memories of his love who is waiting for him. She is tall and fair. Her drapery is fine wool. He will cross the Sutlej and the beautiful Ravi

* This note was written by Prof. RaghuVira in 1940 for the Sheikhupura District Gazetteer which was being compiled by his friend Shri Lakshmi Chandra.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

and reaching his homeland glance once again at the bewitching fair lasses of his land whose eye-corners are clean and red like the *mansil* and which are painted with collyrium. 'With the sound of drums and conchs, drunk happily shall we ride donkeys, ponies and camels (44.16-20). We bide the time when we shall once again attack the travellers, rob them of their clothes and beat them mercilessly, while they are wending their way along the comfortable paths through the *śamī* (*jand*), *pīlu* and *karīr* forests, enjoying their sweet bread and *sattū* with curd milk.' (44.20-22). Here is eaten the flesh of rams, wild bears, cocks, donkeys and camels. Their love for ram's flesh is expressed in the line: *aiḍaṁ ca ye na khādanti teṣāṁ janma nirarthakam* (44.28-29). Here are the *pīlu-vanas* (44.31).

"The Sutlej, the Beas, the Ravi, the Chenab, the Jhelum and sixthly the Sindhu—outside the mountanous region the countries are known as *Aratta*, devoid of *dharma* 'purity of conduct.' These are the countries of Vrātyas, Daśamīyas and Vāhīkas who never offer *yajñas*. (44.33).

"The unclean Vāhīkas eat in vessels of wood and clay which are besmeared with *sattū* and liquor, which the dogs lick. The Vāhīkas use the milk of sheep, camels and donkeys, as well as curd and butter thereof (44.35-37).

"A peculiar custom of the Vāhīkas is that it is the son of the sister that inherits and not one's own son (45.13). "The Easterners are slaves, the Southerners are pariahs, the Vāhīkas are robbers. Ungratefulness, theft, drink, abusive language, loitering at night, putting on clothes of others, such are the characteristics of the Vāhīkas (st. 28-29)".

In the above passage as well as elsewhere, the term Vāhīka is used for the country as well as for the people. Sometimes it has a wide sense covering the entire Panjab from Sutlej upto Indus, and sometimes it applies only to a restricted area to the west of the Ravi. When used with a narrow connotation, the Gandhāras, the Madrakas, the Vasatis are mentioned side by side with Vāhīkas (44.47), otherwise the Madra country is a part of the Vāhīkas (that is how Karṇa started).

The mention of *pīlu*, *karīr* and *jand* forests in this area is of great interest, as it shows that the flora of this region has not undergone any appreciable change inspite of the passage of great time. Not only that. Even two (*pīlu* and *karīr*) of the three names have survived intact. The love of curd milk referred to may apply to the whole of the Punjab then as now.

Next we come to the great grammarian Pāṇini, who belonged to Western Panjab, and to his commentators Kātyāyana and Patañjali (200 B.C.). The

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

three give a large amount of information. Several republics and towns of the Vāhīkas are mentioned. The Panjab was a country of republics (*saṅgha, gaṇa*). As these towns and republics were spread over the entire Panjab and as we cannot identify any one of them as particularly belonging to the area now covered by the Sheikhupura district, we refrain from registering here the vast and varied data. Two divisions of the Madra may however be noted, the pūrva-Madra and the Apara Madra i.e. that Eastern and the Western Madra (Kāśikā on Pāṇini 4.2.108). The Bṛhad-āraṇyaka-upaniṣad (3.3.1, 7.1) knows the Uttara-Madra also, a northern branch that seems to have disappeared in later times. According to Pāṇini, Madra was a republic and it was situated in the Vāhīka country. In 5.3.114-117 Pāṇini gives clear indications that the republics which he is referring to were not contrived by single tribes or castes. The Mahābhāṣya of Patañjali (vol. I p. 28, line 1) mentions a *Madra-hrada*, a big tank or lake of the Madra, and further on the same author tells us that the variety of *yava* 'barley' (Panjabi *jau*) grown in the Madra country was the same as in Uṣīnara land (vol. II, p. 244, line 3).

The two famous commentaries of Manusmṛti, the Hindu Code of Laws, the one by Kullūka and the other by Medhātithi state (6.14) that the Vāhīkas were fond of *śigruka*, which is interpreted by lexicons as *sohānjanā* (Sanskrit *śobhāñjana*) pods. In the second case, the word *śigruka* would be connected with *sangar*, the pods of *jand* which the people use even upto the present day. The western Hindi *singra*, pods of raddish, is also derived from *śigruka*, which even in ancient days must have had dialectical variations such as *śigraka*, *śagraka* (the *ka* at the end being only an extension that could be eliminated even at the Sanskrit stage, and that would not survive in the process of phonetic development).

The Arthaśāstra of Kauṭalya has been very aptly described as the first Imperial Gazetteer of India. Written by the great Kauṭalya (better known as Cāṇakya), an astute strategist, experienced administrator and a king-maker, one who overthrew the vast empire of the Nandas and laid the foundations of a still vaster empire, that of the Mauryas (4th century B.C.), the Arthaśāstra is a document which can never be overvalued. Here is polity in all its branches, internal and foreign, civil and military, commercial, fiscal and judicial. There are even tables of weights and measures, divisions of time, institutions of spies and envoys. The administration is divided into numerous departments: Revenue, Accounts, Mines, Forests, Armoury, Tolls and Taxes, Agriculture, Liquor, Shipping, Passports, and so on. The value of the Arthaśāstra lies in the fact that the wealth of information stored here is not to be had from any

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

other source. In the case of the region with which we are now dealing Kauṭalya supplies an outstanding piece of information that the republican tribe of Madraka (alongwith others, such as, Licchavika, Vrijika, Kukuru) bear the title *rāja* (book XI, chapter 1, section 378). It is remarkable that one of the old tribes in this area, the Bhaṭṭis, still carry the courtesy title *rai* a direct linguistic descendant of the Sanskrit word *rāja*.

The Vāhīkas were renowned as great physicians and theorists in the domain of medical science. One of our earliest and most authentic works is the Caraka-saṁhitā. The present redaction is presumed to have been made at Peshawar (ancient Puruṣapura) by the great Caraka at the court of Kaniṣka in the second century A. D. The origin of the Carakasaṁhitā is, however, much more ancient and was prepared mostly on the banks of the river Gaṅgā, holier among the holies, in the forest precincts of the mighty capital Kāmpilya that flourished from the Vedic upto the late Buddhist age (book 3, ch. 3, paragraph 1). In his discussion on *rasa* taste, Caraka 1.25.3 quotes several authorities among whom the master doctor Kaṅkāyana is quoted with the singular distinction *Vāhīko Vāhīka-bhiṣajāṁ varaḥ* 'a Vāhīka doctor and moreover the greatest among them'.

From archaeology we have not derived much help so far. General Cunningham, the pioneer in Indian archaeology had identified Sangla hill with the ancient Śākala, the capital of the Madra, a town described extensively by the Chinese pilgrim Hsüan-tsang in the early seventh century A. D. But later researches locate the ancient Śākala at Sialkot. It is, however, to be noted that Ptolomy, the Greek geographer, whose ultimate source must be Indian, knows two cities of the same name, one situated 126° 20° 32′, the other 139° 30° 20′ (the first also having a second name Euthydamia). Menander, a Greek by descent but a devout Buddhist by faith, ruled here. The Vāyupurāṇa (ch. 99) states that eight Yavana kings ruled here for 82 years. In A.D. 510 the Hūṇa King Mihirakula made it his capital after his father's death.

Actual excavation work was done only at one mound, Kalashakaku by Dr. C.L. Fabri. The results have not yet been published by the Archaeological Survey of India. At the mound of Mianali Dogran, however, the antiquities that were picked up from the surface by Malik Saleh Mohammad, were examined by the late R.B. Dayaram Sahni, the Director-General of Archaeology, and the following note was written by him in the Annual Report for 1934-35, page 33 : "Nos. 1-3 are seal impressions bearing a man's bust and a legend in Gupta Brāhmī of circa 500 A.D. I propose to read the legend as *Viṣṇu-lāja*.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

No. 4 is a seal impression which bears the name *Śiva* in similar characters. No. 5 is a mould for making a forehead ornament or something of that sort. No. 7 shows a female fly-whisk bearer upon whose head rests the right hand of a divine figure which is broken off. No. 11 is a late figure of the god Sun holding ears of corn instead of the usual lotus flowers. Nos. 8, 9 are lion's head of *kīrtimukhas*".

This mound and many others which are scattered over the district are sure to yield rich results for the archaeologist. May be that fresh traces of the Harappa civilisation are discovered.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

FORTNIGHTLY REGISTERED NO: N—1637

सरस्वती-विहार

SARASVATĪ-VIHĀRA

EDITED
by
Prof. Dr. Raghu Vira, M.A., Ph.D., D.Litt. et Phil.
Member, Council of States

अंक ७ | No. 7
मार्गशीर्ष कृष्णा दशमी, विक्रमाब्द २०१० | 1st December, 1953

जावाद्वीप में भगवद्गीता

साहित्यिक दृष्टि से यवद्वीप अर्थात् जावा और तत्पूर्ववर्ती बालिद्वीप भारतवर्ष के अंग रहे हैं। महाभारत और रामायण इनके जीवन का आधार रहे हैं। आज भी राष्ट्रपति सुकर्ण अपने महलों में महाभारत के छायानाटकों द्वारा आध्यात्मिक बल प्राप्त करते हैं।

महाभारत के आदि, विराट और भीष्मपर्व अभी तक पढ़े पढ़ाए जाते हैं। ये पर्व संस्कृत के संक्षेप हैं। जिस प्राचीन भाषा में ये ग्रन्थ लिखे गए हैं उसका नाम कवि है।

भीष्मपर्व में गीता का प्रमुख स्थान है। कवि-रचयिता ने महाभारत के श्लोकों और श्लोकांशों को देते हुए उनकी कवि में व्याख्या की है।

अपने पाठकों के लिए हम कवि-व्याख्या छोड़कर केवल संस्कृत श्लोक और उनके अंश यहां उद्धृत करते हैं। पाठक देखेंगे कि कवि-लेखक को जिन स्थलों के समझने अथवा समझाने में कठिनाई अनुभव हुई वे उसने छोड़ दिए। इसी प्रकार जहां पुनरुक्ति अथवा अधिकोक्ति का आभास हुआ वे स्थल भी उसने छोड़ दिए।

कवि में उद्धृत गीता के श्लोकों में हमारी आधुनिक गीता से पर्याप्त पाठान्तर हैं। किन्तु ये पाठान्तर इस प्रकार के नहीं कि विषय के प्रतिपादन में कोई विशेषता अथवा भिन्नता आए।

प्रथम अध्याय का संक्षेप सुन्दर हुआ है। केवल वे श्लोक, जैसे ३४, ३७, जिनमें कोई नई बात नहीं अथवा जिनके बिना कथा में भंग नहीं होता, छोड़ दिए गए हैं।

दूसरे अध्याय का संक्षेप भी पर्याप्त अच्छा है। तीसरा अध्याय बहुत अपूर्ण है। इसमें भारतीय गीता से कुछ अन्तर भी है।

चौथे अध्याय में श्लोक २३ के पश्चात् संक्षेप कुछ अधिक कर दिया गया है। अन्तिम श्लोक चौतीसवां है।

पांचवें और छठे अध्याय भी अतिसंक्षिप्त हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सातवें अध्याय का मुख्य विचार अच्छी प्रकार से दिया गया है। किन्तु बीसवें और तत्पश्चात् के श्लोकों का अभाव है।

८, ९ और १० अध्यायों के केवल कुछ ही अंश विद्यमान हैं। ग्यारहवें अध्याय के मुख्य भाग आ गए हैं, किन्तु बारहवें अध्याय के केवल तीन श्लोक हैं, ७, ८ और ९।

तेरहवें अध्याय का केवल अन्तिम भाग आया है।

चौदहवें अध्याय का संक्षेप पर्याप्त अच्छा हुआ है।

१५, १६ और १७, ये अध्याय सर्वथा लुप्त हैं। अन्तिम अध्याय के पहले ६५ श्लोक भी विद्यमान नहीं। ६६वां श्लोक उद्धृत किया गया है और ७३वें श्लोक की केवल कवि में व्याख्या है। यहां जावा की गीता समाप्त होती है॥

स्वतन्त्रता प्राप्त करने के पश्चात् बालिद्वीप में गीता का महत्त्व बढ़ गया है। १९४७ में जब जावा, सुमात्रा, बालि आदि की संसद् का प्रथम अधिवेशन हुआ और प्रत्येक संसद्य ने अपने अपने धर्मग्रन्थ पर हाथ रखकर शपथ ली, तब बालिद्वीप के प्रतिनिधि ने भगवद्गीता को नमस्कार कर राष्ट्र के प्रति भक्ति और निष्ठा की प्रतिज्ञा की।

यह गीता निम्न प्रकार आरम्भ होती है।

[कविभाषा संस्कृत शब्दों से ओतप्रोत है। इन शब्दों को हिन्दी अनुवाद करते समय ज्यों का त्यों रखा गया है और पतले अक्षरों में छापा गया है।]

* * *

युद्ध के दूसरे दिन प्रातः रणक्षेत्र में सूर्योदय हुआ...। महाराज दुर्योधन अपने हाथी पर सवार थे। सूत, मागध और वैतालिक उनकी स्तुति कर रहे थे। कनकदण्ड श्वेतछत्र उनके सिर पर छाया कर रहा था। समीप ही आर्यशकुनि विद्यमान था। गांधार पार्वतीयगण उनको घेरे हुए थे। इसी प्रकार भीष्म श्वेत परिधान अलङ्कृत थे। श्वेत कवच, श्वेत धनुः, श्वेत मकुट, श्वेत पादरक्ष और अंगद। आतप आवरण भी श्वेत था। वे इससे गंगा के फेन के समान प्रतीत हो रहे थे और श्वेत हंसोपम घोड़े उनके शकट में युक्त थे। भगवान् भीष्म ने सेनाओं को व्यूह में खड़ा किया।

साग्रं शतसहस्रं तु नागानां तव भारत।
नागे नागे रथशतं शतमश्वा रथे रथे॥

[यह श्लोक महाभारत भीष्मपर्व के २०वें अध्याय से उद्धृत है। पूना के सर्वशाखा-पाठान्तरयुक्त संस्करण में इसकी संख्या १६ है। हम आगे भी सर्वत्र इसी संस्करण के आधार पर पाठान्तरों के उद्धरण देंगे। यह संस्करण सुन्दर है। किन्तु पूर्ण नहीं। इसमें लगभग ४० हस्तलिखित ग्रन्थों के पाठान्तर दिए गए हैं। इनमें सबसे पुराना ग्रन्थ विक्रम संवत् १५३३ का है। महाभारत के हस्तलिखित ग्रन्थों की संख्या सैंकड़ों मे जाती है। इनमे से प्रत्येक में ही पर्याप्त पाठान्तर हैं। भारत देश महान् है और महाभारत हमारे महान् देश का महत्तम ग्रन्थ है। महाभारत के आधार पर शतशः ग्रन्थों की रचना हुई। ये ग्रन्थ भारत और भारत से बाहर नाना रूपों में मिलते हैं। इनके पाठान्तरों का सम्यग् विचार, तुलना आदि तभी हो सकते हैं जब आजकल प्राप्य सभी महाभारत के हस्तलिखित ग्रन्थों के पाठान्तर हमको उपलब्ध हों। काम विशाल है किन्तु नितान्त आवश्यक है। इसके बिना जावा के महाभारत साहित्य का उचित संतोलन नहीं हो सकेगा।]

[इस श्लोक के अन्तिम पाद में महाभारत का सामान्य पाठ शतं चाश्वा रथे रथे इस प्रकार है। कवि का शतमश्वा रथे रथे एक कश्मीरी, चारों बंगाली, अर्जुनमिश्र और नीलकण्ठकृत टीकाओं ले

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चारों ग्रन्थों और देवनागरी के तीन ग्रन्थों में विद्यमान है। यह पाठ उत्तर का है, दक्षिण का नहीं।]

अन्वश्वा दश धानुष्का धानुष्कं शतवर्मिणः।

[यह पंक्ति पिछले श्लोक के पश्चात् ही भीष्मपर्व में आ रही है। इसका पहला शब्द संदिग्ध है। कवि के तालपत्रों में पाठ अन्वगः है। यह सम्भवतः अन्वश्वाः का अपभ्रंश है। महाभारत के हस्तलिखित ग्रन्थों में अन्वश्वाः केवल एक ग्रन्थलिपि के महाभारत में मिलता है। अन्वश्वं एक देवनागरी, २ तेलुगु, ३ ग्रन्थ और एक मलयालम हस्तलिखित ग्रन्थ में उपलब्ध है। दूसरे पाठ अश्वाश्वं, अश्वे च, प्रत्यश्वं आदि हैं।

[दूसरे पाद में शत के स्थान में दाक्षिणात्य पाठ सर्वत्र सप्त है। उत्तर में कहीं सप्त कहीं शत, किन्तु अधिकांश दश है। वर्मिणः कुछ उत्तर और कुछ दक्षिण के ग्रन्थों का पाठ है। अधिकांश का पाठ चर्मिणः है। हमारे अपन कवि के तालपत्रों का पाठ वर्षणः है। आश्चर्य यह है कि यह पाठ मलयालम के एक ग्रन्थ में वर्षिणः इस रूप में विद्यमान है। जो महाभारत का ग्रन्थ प्राचीन जावा में गया, उसमें यह पाठ रहा होगा। यह स्थल विशेष विचार करने योग्य है।]

...इस प्रकार प्रतिदिन चतुरंगबल का व्यूह बनाया जाता था और प्रतिदिन भगवान् भीष्म अग्रसेनापति बनते थे।

महाराज युधिष्ठिर के मन में विषाद उत्पन्न हुआ। उन्हें कोई उपाय और छिद्र दिखाई नहीं पड़ा। वे अर्जुन से बोले—

अक्षोभ्यो ऽयमभेद्यो ऽयं भीष्मेणामित्रकर्षिणा।
कल्पितः शास्त्रदृष्टेन विधिना भूरिवर्चसा॥

[यह भीष्मपर्व के २१वें अध्याय का चौथा श्लोक है। द्वितीय पाद में दाक्षिणात्य पाठ कर्शिना है। तीसरे पाद में कल्पितः हमारा संशोधन है। कवि के तालपत्रों में सर्वत्र कम्पितः आया है। चौथे पाद में ४ बंगाली और ८ देवनागरी तथा निखिल दाक्षिणात्य हस्तलेखों में भूरिवर्चसा है। अवशिष्ट उत्तर के ग्रन्थों में भूरितेजसा। कवि के तालपत्रों में भूमिचर्चसा।]

भगवन्, आप क्यों संशय में पड़े हैं। प्राज्ञ का मन दृढ और शक्तिशाली होता है।... भट्टारब्रह्मा ने इन्द्रादि देवताओं को देवासुर संग्राम के समय उपदेश किया था—

न तथा बलवीर्याभ्यां जयन्ति विजिगीषवः।
यथा सत्यानृशंस्याभ्यां धर्मेणैवोद्यमेन च॥

[यह भीष्मपर्व अध्याय २१ का श्लोक १० है। दूसरे पाद का सामान्य महाभारत पाठ विजयन्ते जिगीषवः इस प्रकार है। जयन्ति विजिगीषवः यह पाठ बंगला, अर्जुनमिश्र, नीलकण्ठ, ३ देवनागरी, १ तेलुगु और ३ ग्रन्थलिपि के हस्तलेखों में मिलता है। केवल जयन्ति के स्थान में दो में यजन्ति और चार में जयन्ते मिलता है।]

...परमार्थ यह है—

यतो धर्मस्ततो जयः।

[यह अगले श्लोक का चौथा पाद है। इसमें कोई पाठान्तर नहीं।]

...इस प्रकार भट्टार ब्रह्मा ने कहा। आपको भगवान् नारद के वचनों को मन में धारण करना चाहिए। अर्जुन के इन वचनों को सुनकर महाराज युधिष्ठिर ने फिर व्यूह की आज्ञा दी।

...सेना के बाईं ओर भीमसेन और धृष्टद्युम्न रक्षक बने हुए थे। दाईं ओर युयुधान और सात्यकि। महाराज युधिष्ठिर काञ्चन रथ पर आरूढ थे। ब्राह्मण और महर्षि उनको आशीर्वाद और जयमंगल दे रहे थे।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

...भगवान् भीष्म ने सिंहनाद किया। उन्होंने अपना शंख बजाया और कौरवबल जाग उठा। इस पर महाराज युधिष्ठिर ने अपना विजय नाम का शंख बजाया। इसी प्रकार वृकोदर ने ख्यातिलब्ध पौंड्र शंख का धमन किया। नकुल और सहदेव ने सुघोष और मणिपुष्प शंखों का धमन किया। अर्जुन और महाराज कृष्ण ने पाञ्चजन्य और देवदत्त का। इसी प्रकार महाराज काशिराज, शिखण्डी, धृष्टद्युम्न, सात्यकि, घटोत्कच, अभिमन्यु और पंचकुमार महाराज द्रुपदादि— इन सब के शंखों की ध्वनि से आकाश और पृथ्वीतल प्रतिध्वनिमय हो गए। कौरवबल के हृदय विद्ध हुए।...धनंजय ने कौरवों की अवस्था को देखा।...महाराज कृष्ण कौरवबल और पांडवबल के मध्य में अपना रथ ले गए।...धनंजय के चित्त में मनस्ताप उत्पन्न हुआ। चित्त कारुण्य से भर गया। उसने महाराज कृष्ण से कहा—

दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम् ।
सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति ।। [१।२८-२९]

[यह दक्षिण और कुछ उत्तर के ग्रन्थों का पाठ है। शेष उत्तर के ग्रन्थों का पाठ बहुवचनान्त है— दृष्ट्वेमान्स्वजनान्कृष्ण युयुत्सून्समवस्थितान्]

...महाराज कृष्ण, मैं इन सबको देख रहा हूं। ये सब एक कुलवर्ग हैं।... पिता, पितामह, पितृव्य, गुरु, भाई, बच्चे, बच्चों के बच्चे, श्वशुर, मित्र, कुलभर्ता। इनको देखते हुए मेरा शरीर अमोघ, मेरा मुख सूखा हुआ, सर्वसन्धि कम्पायमान। मेरे हाथों से गाण्डीवधनुः गिर रहा है...

न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे ।
न कांक्षे विजयं कृष्ण न च राज्यं सुखानि च ॥ [१।३१-३२]

[यहां कोई विशेष पाठान्तर नहीं हैं।]

...इसलिए हे महाराज कृष्ण, मुझे विजय की कामना नहीं। न ही मुझको राज्यविभव चाहिए। भोग और जीवित से क्या कार्य यदि कुटुम्ब का प्राणघातक बना जाए। मेरे हृदय में आवेश प्रवेश कर चुका है। अब सुख और मन तुष्ट कैसे होगा। व्यक्त पाप का भागी बनूंगा। वह क्या विधि है, वह क्या प्रायश्चित्त है जिस से कुल का क्षय करनेवाले के दोष दूर हों। साक्षात् इसका नाम अधर्मकरण है। इससे पिण्डोदकक्रिया का नियत लोप होता है—

यदि मामप्रतीकारमशस्त्रं शस्त्रपाणयः ।
धार्तराष्ट्रा रणे हन्युस्तन्मे क्षेमकरं भवेत् ॥ [१।४६]

[पाद ४ में गीता का पाठ क्षेमतरं है। यदि अधिक हस्तलिखित ग्रन्थों का अवलोकन किया जाता तो सम्भव था कि क्षेमकरं भी भारत से ही गया पाठ सिद्ध होता।]

...तब मुझे पातक न लगेगा...

नमः शिवाय ।

आर्य फल्गुन क्या निमित्त है क्या कारण है कि तुम्हारा स्वभाव परिवर्तन हो गया है—

मा क्लैब्यं गच्छ कौन्तेय नो तत्त्वय्युपपद्यते ।
क्षुद्रं हृदयदौर्बल्यं त्यक्त्वा तिष्ठ परंतप । [२।३]

[सामान्य गीता का पाठ है— क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते। जावी गीता का पाठ ५ शारदा, १ कश्मीरी, ४ बंगला, २ देवनागरी, २ तेलुगु, १ ग्रन्थलिपि तथा भास्कर और राजानक रामकण्ठ की

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

टीकाओं में उपलब्ध है। दूसरे पाद का नो तत् और चौथे पाद का त्यक्त्वा तिष्ठ, पूना संस्करण में पाठान्तर के रूप में भी नहीं दिया गया। सम्भव है अनावश्यक समझ कर छोड़ दिया गया हो।]

...ओं ओं। आर्य अर्जुन तुमको मेरे से क्या लाभ यदि तुम मेरे हितावसान उपदेश का उपयोग नहीं करते।

अशोच्यान् ह्यनुशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे।
गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः॥ [२।११]

[अशोच्यान् हमारा संशोधन है। जावी के तालपत्रों में अशोच्यः है। अनुशोचस्त्वं के स्थान में सामान्य गीता का पाठ अन्वशोचस्त्वं। भास्कर और चतुर्भुज की टीकाओं में जावी वाला पाठ है। तीसरे पाद के अन्त में सामान्य पाठ वा नहीं च है।]

...आगम का वचन है—

देहिनोऽस्मिन् यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति॥ [२।१३]

[यहां कोई विशेष पाठान्तर नहीं]

...यह तत्त्व है। इससे मृत्यु अथवा जन्म में कोई पीड़ा नहीं होती। शीत और उष्णता को सहो। सुख और दुःख को सहो। सुरस और विरस को समान समझो।

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस् त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥ [२।१६]

[यहां कोई विशेष पाठान्तर नहीं। इसलिये जावी के तालपत्रों के अपभ्रंश भी यहां देने की आवश्यकता नहीं।]

...संक्षेप से—

अन्तवन्त इमे देहा नित्यप्रोक्ताः शरीरिणः।
विनाशिनो ऽप्रमेयस्य तस्माद् युध्यस्व भारत॥ [२।१८]

[दूसरे पाद में गीता का पाठ नित्यस्योक्ताः है। पूना संस्करण में इसका कोई पाठान्तर नहीं। तीसरे पाद में विनाशिनो ४ शारदा, १ देवनागरी तथा भास्कर और अभिनवगुप्त की टीकाओं में मिलता है। चौथे पाद में तस्माद् के स्थान में जावी तालपत्रों का पाठ यस्माद् है।]

[☞ यहां से आगे हम कविभाषा की व्याख्यादि न देकर केवल उद्धृत संस्कृत अंश ही देंगे।]

य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ नाभिजानीतां नायं हन्ति न हन्यते॥ [२।१९]

[तीसरे पाद में सामान्य पाठ न विजानीतो है]

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥ [२।२३]

स्वधर्ममेव चावेक्ष्य न विकल्पितुमर्हति।
धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेया ऽन्यत् क्षत्रियस्य न विद्यते॥ [२।३१]

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

[पहले पाद में एव के स्थान में महाभारत का पाठ अपि है। पूना संस्करण में कोई पाठान्तर नहीं दिया गया। गीता में दूसरा पाद है न विकम्पितुमर्हसि। इसका भी पूना संस्करण में कोई पाठान्तर नहीं।]

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।
तस्माद् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः ॥ [२।३७]

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर् मा ते संगो ऽस्त्वकर्मणि ॥ [२।४७]

[दूसरी पंक्ति में जावी तालपत्रों का पाठ है °हेतुभूत् मा ते संगो स्वकर्मणि]

सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते ॥ [२।४८]

श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला।
यमादावचला बुद्धिस् तदा योगमवाप्स्यसि ॥ [२।५३]

[जावी का तीसरा पाद अनिश्चित है। तालपत्रों में यमदिपचला, यमदिवचला पाठ हैं। महाभारत का सर्वत्र पाठ समाधावचला है]

यदा संहरते कामान् सर्वान् पार्थ मनोगतान्।
आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितः प्रज्ञः स उच्यते ॥ [२।५५]

[महाभारत में पहला पाद इस प्रकार है प्रजहाति यदा कामान्। जावी का पाठ पूना संस्करण में कहीं से भी उद्धृत नहीं किया गया। चौथे पाद में स्थितः प्रज्ञः केवल एक तेलुगु के ग्रन्थ में मिलता है। चौथे पाद का सामान्य पाठ स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते इस प्रकार है।]

दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः।
वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर् मुनिरुच्यते ॥ [२।५६]

विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः।
रसवर्जं रसो ऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते ॥ [२।५९]

जिह्वोपस्थनिमित्तं हि प्रवृत्तिः सर्वदेहिनाम्।
तस्मादमित्रवत् पश्येज्जिह्वोपस्थौ विचक्षणः ॥

[यह श्लोक गीता में नहीं है।]

ध्यायतो विषयान् पुंसः संगस्तेषूपजायते।
संगात् संजायते कामः कामात् क्रोधोभिजायते ॥ [२।६२]

संमोहात् स्मृतिविभ्रमः।
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशाद् विनश्यति ॥ [२।६३]

[चौथे पाद में विनश्यति केवल एक देवनागरी, तथा मध्व और रामानुज की टीकाओं का पाठ है। अन्यत्र प्रणश्यति।]

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः ॥ [२।६९]

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देवान् भावयतानेन ते देवा भावयन्तु वः ।
परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ ॥ [३।११]

यो भुंक्ते स्तेन एव सः । [३।१२]

यज्ञशेषाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः ।
कंजन्ते ? ते त्वघं पापा ये चरन्त्यात्मकारणात् ॥ [३।१३]

[प्रथम पाद में गीता का पाठ यज्ञशिष्टाशिनः, तृतीय में भुजते, चतुर्थ में पचन्त्यात्मकारणात् है ।]

श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात् स्वनुष्ठितात् ॥ [३।३५]

[जावी तालपत्रों में स्वधर्मे और स्वनुस्थितं पाठ हैं ।]

बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन ।
त ? तानि वेद्मि सर्वाणि न त्वं वेत्सि परंतप ॥ [४।५]

[तीसरे पाद में गीता का पाठ है— तान्यहं वेद सर्वाणि । एक शारदा तथा एक देवनागरी में वेद्मि पाठ भी उपलब्ध है ।]

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥ [४।७]

परित्राणाय साधूनां विनाशाय दुरात्मनाम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ॥ [४।८]

[द्वितीय पाद में गीता का पाठ विनाशाय च दुष्कृताम् इस प्रकार है। जावी का पाठ पूना संस्करण के पाठान्तरों में कहीं नहीं ।]

जन्म कर्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः ।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन ॥ [४।९]

न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफलस्पृहा । [४।१४]

[कर्मफलस्पृहा यह पाठ एक शारदा, एक तेलुगु तथा एक ग्रन्थलिपि के हस्तलेख में उपलब्ध है। अन्यत्र पाठ कर्मफले स्पृहा है ।]

कर्मण्यकर्म यः पश्यत्यकर्मणि च कर्म यः ।
स बुद्धिमान्मनुष्याणां स युक्तः कृत्स्नकर्मवित् ॥ [४।१८]

[प्रथम पाद के अन्त में पश्येत्, तीसरे पाद के अन्त में मनुष्येषु, और चौथे पाद के अन्त में °कर्मकृत् ये गीता के पाठ हैं। ४ शारदा, १ कश्मीरी, तथा अभिनवगुप्त और राजानक रामकण्ठ की टीकाओं में पश्यत्यकर्मणि अर्थात् जावी का पाठ मिलता है। मनुष्याणां तथा °कर्मवित् ये पाठ पूना संस्करण के पाठान्तरों में विद्यमान नहीं ।]

यदृच्छालाभसंतुष्टो द्वन्द्वातीतो विमत्सरः ।
समः सिद्धावसिद्धौ च कृत्वापि न निबध्यते ॥ [४।२२]

द्रव्ययज्ञास्तपोयज्ञा योगयज्ञास्तथापरे ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

श्रीमद्भगवद्गीता-गर्भित भीष्मपर्व के एक



(यह लोनतार महागुरु पूर्वचरक ने आतिथ्यो-
किसी सम्पादक ने प्रयोग नहीं किया। लोनतार की
रूप नीचे दिया जाता है। इसमें वाचक कई नए

ब्रुः ॥ यज्ञाशेषो शिवः शान्तः। मुच्यते सर्व्वकिल्विषैः।
यज्ञाशेष भिनुक्ति निर सं महापुरुष ङरनिर। मतंन्य न्तन् कन्ने

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लोनतार (=तालपत्र) के दो पृष्ठों का चित्र ॥



पहार में दिया था। इस लोनतार का अभी तक
लिपि बालि है। उदाहरणार्थ प्रथम पंक्ति का देवनागरी
पाठान्तर पाएंगे ॥)

कञ्चते त त्वघाम्पापः । ये चरन्त्यात्मकारणात् ॥
सर्व्वमल सिर । कुनं इकं व्वङनडः केवल मिवॉं शरीर-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च यतयः संशितव्रताः ॥ [४।२८]

सर्वकर्माखिलं कर्म पार्थ ज्ञाने समाप्यते ॥ [४।३३]

[गीता का पाठ सर्वं कर्माखिलं है। १ देवनागरी तथा एक नीलकण्ठ के हस्तलेख में भी सर्वकर्माखिलं ऐसा ही पाठ है। कर्म शब्द महाभारत में विद्यमान नहीं। महाभारत में समाप्यते के स्थान में परिसमाप्यते पाठ है। जावी का पाठ असम्भव नहीं— सर्वकर्म अखिलं कर्म, पार्थ ज्ञाने समाप्यते।]

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन मेधया। [४।३४]

[महाभारत का पाठ परिप्रश्नेन सेवया है]

संन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ।

तयोस्तत् कर्मसंन्यासात् कर्मयोगो विशिष्यते ॥ [५।२]

[तीसरे पाद में महाभारत का पाठ तयोस्तु है।]

योगयुक्तो मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाधिगच्छति ॥ [५।६]

कुर्वन्नपि न लिप्यते ॥ [५।७]

पश्यञ् शृण्वन् स्पृशञ् जिघ्रन्नश्नन् गच्छन् स्वपञ् श्वसन् ॥ [५।८]

प्रलपन् विसृजन् गृह्णन्नुन्मिषन्निमिषन्नपि। [५।९]

नैव किंचित्करोमीति। [५।८]

न स लिप्यति दोषेण पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥ [५।१०]

[महाभारत में प्रथम पाद लिप्यते न स पापेन इस प्रकार है।]

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।

आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥ [६।५]

योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसंस्थितम्।

एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः ॥ [६।१०]

[दूसरे पाद में महाभारत का पाठ है— रहसि स्थितः। जावी का पाठ पूना संस्करण के पाठान्तरों में विद्यमान नहीं। दूसरी पंक्ति में जावी तालपत्रों में यतिचित्तात्मा निराश्री ऐसा पाठ है]

समं कायशिरोग्रीवं धारयेदचलं मनः।

संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ॥ [६।१३]

[दूसरे पाद में महाभारत का पाठ धारयन्नचलं स्थिरः। केवल देवनागरी के २ हस्तलेखों में धारयन्नचलं मनः यह पाठ आया है। पूना संस्करण में किसी हस्तलेख से भी धारयेद् पाठ नहीं दिया गया।]

यथा दीपो निवातस्थः [६।१९]

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति यो जनः।

सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः ॥ [६।३२]

[महाभारत में दूसरे पाद के अन्त में योऽर्जुन है।]

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥ [६।३०]
भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ॥ [७।४]
यथा ज्ञानं लभिष्यति ।

[यह गीता का वचन नहीं है।]

अहं कृत्स्नस्य लोकस्य प्रभवः प्रलयस्तथा ॥ [७।६]

[महाभारत में लोकस्य के स्थान में जगतः पाठ है।]

मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनंजय ।
सूत्रे मणिगणा इव ॥ [७।७]
रसोऽहमप्सु कौन्तेय प्रभासः शशिसूर्ययोः ।
प्रणवः सर्ववेदेषु शब्दः खे पौरुषं नृषु ॥ [७।८]

[प्रभासः के स्थान में महाभारत का पाठ प्रभास्मि है। ५ शारदा और आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त तथा राजानक रामकण्ठ की टीकाओं में पाठ प्रकाशः आया है।]

पुण्यो गन्धः पृथिव्यां हि तेजश्चास्मि विभावसौ ।
जीवनं सर्वभूतेषु तपश्चास्मि तपस्विषु ॥ [७।९]

[पहली पंक्ति में हि के स्थान में महाभारत का पाठ च है। दूसरी पंक्ति में जीवनं के स्थान में जावी के तालपत्रों में जीविनः पाठ आया है।]

बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि ॥ [७।१०]
बलं बलवतां चाहं [७।११]
चतुर्विधा भजन्ते मां नराः सुकृतिनोऽर्जुन ।
आर्त्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ ॥ [७।१६]

[प्रथम पंक्ति में महाभारत का एकमात्र पाठ जनाः है, नराः नहीं।]

वासुदेवः सर्वमिति [७।१९]
जरामरणमोक्षाय मामाश्रित्य यतन्ति ये ।
ते तद्विदुर् ब्रह्म कृत्स्नमध्यक्तं कर्म चाखिलम् ॥ [७।२९]

[महाभारत में दूसरी पंक्ति इस प्रकार है— ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्मं कर्म चाखिलम् ॥ पूना संस्करण में इस पंक्ति के कोई भी पाठान्तर नहीं। जावी के तालपत्रों में तद्विदुर् के स्थान में तद्विदुः ऐसा पाठ है। विसर्ग से प्रतीत होता है कि तीसरे पाद का शब्दक्रम ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नं ऐसा ही रहा होगा।]

अन्तकाले च मामेव स्मरन् त्यक्त्वा कलेवरम् ।
यः प्रयाति सहंभावं? स याति परमां गतिम् ॥ [८।५]

[दूसरे पाद में महाभारत का पाठ मुक्त्वा है, त्यक्त्वा नहीं। इस पाद में पूना संस्करण में कोई भी पाठान्तर नहीं दिया। सहंभावं संदिग्ध पाठ है। महाभारत का पाठ सर्वत्र स मद्भावं है। महाभारत में चौथा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पाद याति नास्त्यत्र संशयः इस प्रकार है।]

तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्मामेष्यसि न संशयः॥ [८।७]

[महाभारत में चौथा पाद मामेवैष्यस्यसंशयः (अथवा °संशयं) इस प्रकार है।]

सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।
मूर्ध्न्याधाय च प्राणानास्थितो योगे धारयेत्॥ [८।१२]

[दूसरी पंक्ति का पाठ महाभारत में भिन्न है— मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणम्। महाभारत के पाठान्तर जावी के पाठ की सहायता नहीं करते।]

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् [मामनु]स्मरन्। [८।१३]

इदं तु ते गुह्यतमं प्रवक्ष्याम्यनसूयवे।
ज्ञानविज्ञानरहितं यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्॥ [९।१]

[तीसरे पाद में महाभारत का पाठ ज्ञानं विज्ञानसहितं इस प्रकार है। जावी का रहितं पूना संस्करण में किसी भी हस्तलेख में विद्यमान नहीं। ३ कश्मीरी, १ देवनागरी, १ अर्जुनमिश्र तथा अभिनवगुप्त की टीकाओं में ज्ञानं के स्थान में ज्ञान- पाठ आया है।]

अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाहमहमौषधिः।
मन्त्रोऽहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम्॥ [९।१६]

[पहली पंक्ति के अन्त में महाभारत का पाठ ओषधम् है। ओषधिः पाठान्तर पूना संस्करण में नहीं। वास्तव में समस्त श्लोक में ही कोई पाठान्तर नहीं।]

वेद्यं पवित्रमोंकार ऋक्साम यजुरेव च॥ [९।१७]
अमृतं चैव मृत्युश्च सदसच्चाहमर्जुन॥ [९।१९]
यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यच्च पश्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥ [९।२७]

[महाभारत का तीसरा पाद है— यत्तपस्यसि कौन्तेय। पूना संस्करण में इसका कोई पाठान्तर नहीं।]

ज्योतिषामहमंशुमान्।
नक्षत्राणामहं शशी॥ [१०।२१]

[पहली पंक्ति में केवल एक शारदा ग्रन्थ में अहम् आया है। अन्यत्र रविर्।]

देवानामस्मि वासवः। [१०।२२]
रुद्राणां शंकरश्चाहं वित्तेशो यक्षरक्षसाम्।
मेरुः शिखरिणामहम्॥ [१०।२३]

[महाभारत में शंकरश्चास्मि पाठ है। इसका पाठान्तर भी कोई नहीं।]

महर्षीणां भृगुरहं [१०।२५]
अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां देवर्षीणां च नारदः।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

गन्धर्वाणां चित्ररथः सिद्धानां कपिलो मुनिः ॥ [१०।२६]

उच्चैःश्रवसमश्वानाम् ।

ऐरावणो गजेन्द्राणां नराणां च नराधिपः ॥ [१०।२७]

[अन्तिम पंक्ति का महाभारत पाठ ऐरावतं और नराधिपम् है । १ शारदा और १ कश्मीरी हस्तलेख में ऐरावणं तथा १ देवनागरी में नराधिपः पाठ मिलते हैं ।]

आयुधानामहं वज्रः

सर्पाणामस्मि वासुकिः ॥ [१०।२८]

[वज्रः केवल १ शारदा हस्तलेख में आया है। अन्यत्र वज्रं ।]

वरुणो यादसामहम् ।

यमः संयमतामहम् ॥ [१०।२९]

प्रह्लादः सर्वदैत्यानाम् ।

मृगाणां च मृगेन्द्रोऽहं वैनतेयश्च पक्षिणाम् ॥ [१०।३०]

[भारतवर्ष तथा जावी के हस्तलेखों में प्रहाद तथा प्रह्लाद दोनों पाठ उपलब्ध हैं ।]

रामः शस्त्रभृतामहम् । [१०।३१]

अक्षराणामकारोऽस्मि [१०।३३]

मासानां मार्गशिरोऽहमृतूनां कुसुमाकरः ॥ [१०।३५]

[महाभारत का पाठ मार्गशीर्षो है । कोई पाठान्तर नहीं ।]

वृष्णीनां वासुदेवोऽहं पाण्डवानां धनंजयः ।

मुनीनामप्यहं व्यासः कवीनामुशना कविः ॥ [१०।३७]

[पहले पाद में महाभारत का पाठ वासुदेवोऽस्मि है । वहां इसका कोई पाठान्तर नहीं ।]

ओषधीनां यवश्चाहम् ।

[श्लोक ३८ के पश्चात् १ कश्मीरी और १ देवनागरी हस्तलेख में ३ पंक्तियां अधिक हैं—

ओषधीनां यवश्चास्मि धातूनामस्मि कांचनम् ।

सौरभेयो गवामस्मि स्नेहानां सर्पिरप्यहम् ।

सर्वासां तृणजातीनां दर्भोऽहं पाण्डुनन्दन ।

[यही पंक्तियां एक नेपाली हस्तलेख में श्लोक ३५ के पश्चात् दी गई हैं ।]

नान्तोऽस्ति मम विद्यानां विभूतीनां परंतप । [१०।४०]

[विद्यानां के स्थान में महाभारत का पाठ दिव्यानां है ।]

अथवा बहुनैतेन किमुक्तेन तवार्जुन । [१०।४२]

[पहले पाद में २ शारदा, २ कश्मीरी, १ ग्रन्थलिपि और राजानक रामकण्ठ टीकाकार का पाठ है— अथवा बहुनोक्तेन । दूसरे पाद में महाभारत का पाठ किं ज्ञातेन (अथवा ज्ञानेन) तवार्जुन है ।]

पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशो वा सहस्रशः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च ॥ [११।५]

[दूसरे पाद में वा के स्थान में महाभारत का पाठ अथ है। महाभारत में इसके कोई पाठान्तर नहीं हैं।]

न तु मां शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा ।
दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम् ॥ [११।८]

अनेकवक्त्रनयनमनेकाद्भुतदर्शनम् ।
अनेकदिव्याभरणं दिव्यानेकोद्यतायुधम् ॥ [११।१०]

यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगाः
समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति ।
तथामी नरनाथलोकवीरा
विशन्ति वक्त्राण्यभितो द्रवन्ति ॥ [११।२८]

[अन्तिम पंक्तियों का महाभारत पाठ इस प्रकार है— तथा तवामी नरलोकवीरा विशन्ति वक्त्राण्यभिविज्वलन्ति ॥ तीसरे पाद में केवल १ शारदा हस्तलेख में नरदेवलोका आया है। अन्य कोई पाठान्तर नहीं। अभिविज्वलन्ति के स्थान में अनेक पाठान्तर हैं। ५ शारदा, २ कश्मीरी और ४ बंगला हस्तलेखों में अभितो ज्वलन्ति, २ शारदा हस्तलेखों के प्रान्त में अभितो व्रजन्ति और एक देवनागरी में समृद्धवेगाः।]

यथा प्रदीप्तं ज्वलनं पतङ्गाः
शान्तिं च नाशं च यमाभिभूताः ।
तथैव भस्माङ्गमायन्ति लोकाः
तथापि वक्त्राणि समृद्धवेगाः ॥ [११।२९]

[इस श्लोक में जावी का पाठ बहुत भ्रष्ट हो गया है। दूसरे पाद में महाभारत का पाठ है विशन्ति नाशाय समृद्धवेगाः। इसी प्रकार तीसरा पाद है— तथैव नाशाय विशन्ति लोकाः। चौथे पाद में तथापि के स्थान में तवापि।]

आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो
नमोऽस्तु ते देववर प्रसीद । [११।३१]
लोकान् समाहर्तुमहं प्रवृत्तः । [११।३२]

[अहं के स्थान में महाभारत का पाठ इह है।]

नमो नमस्ते तु सहस्रकृत्वः
पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते । [११।३९]

[तु के स्थान में महाभारत का पाठ अस्तु है।]

नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते
नमोऽस्तु ते सर्वस? एव काले । [११।४०]

[दूसरी पंक्ति महाभारत में इस प्रकार है— नमोऽस्तु ते सर्वत एव सर्व। अन्त में पाठान्तर सर्वे अथवा सर्वः।]

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया ।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ॥ [११।५३]

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भावात् सङ्गवर्जितः ।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ॥ [११।५५]

[मद्भावात् के स्थान में महाभारत का पाठ है मद्भक्तः। पूना संस्करण में इस समस्त श्लोक के ही कोई पाठान्तर नहीं दिए गए ।]

मय्येव मनः संधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय । [१२।८]

[पहले पाद में संधत्स्व के स्थान में महाभारत का एकमात्र पाठ आधत्स्व है । जावी के तालपत्रों में समत्स्व लिखा है ।]

अन[न्त]त्वाच्च निर्गुणत्वात् [१३।३१]

[महाभारत में पहला पाद अनादित्वात् है । अनन्तत्वात् केवल १ मलयालम के हस्तलेख में आया है ।]

यथा सर्वगतं सौक्ष्म्याद् आकाशं नोपलभ्यते ।
सर्वत्रावस्थितो देहे तथात्मा नोपलभ्यते ॥ [१३।३२]

[दूसरे तथा चौथे पादों में महाभारत का एकमात्र पाठ नोपलिप्यते है, नोपलभ्यते नहीं ।]

यथा प्रकाशयत्येष लोकं कृत्स्नमिमं रविः ।
क्षेत्री क्षेत्रं तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत ॥ [१३।३३]

[जावी तालपत्रों में एष के स्थान में एषः है, जिसको प्राध्यापक गोंडा ने अपने भीष्मपर्व के संस्करण में एषो इस प्रकार संशोधित किया है । लोकं के पूर्व एषः का रूप एष होगा एषो नहीं । महाभारत का पाठ निम्न प्रकार है —

यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः ।
क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत ॥]

सत्त्वं सक्ते संजयति रजः कर्म[णि] भारत ।
ज्ञानमावृत्य तु तमः प्रमादे संजयत्यथ ॥ [१४।९]

[जावी तालपत्रों का पाठ दूसरे पाद में इस प्रकार है— रजः य कर्म भारत । चौथे पाद में संजयत्यथ के स्थान में जावी तालपत्रों में सज्जत्य तथा मिलता है । प्रथम पाद में सक्ते के स्थान में महाभारत का पाठ सुखे और श्लोक के अन्त में अथ के स्थान में उत । इनके कोई पाठान्तर नहीं ।]

ऊर्ध्वं गच्छति सत्त्वस्थो मध्ये तिष्ठति राजसः ।
जघन्यगुणवृत्तिश्च ह्यधो गच्छति तामसः ॥ [१४।१८]

[महाभारत का पाठ निम्न प्रकार है—

ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्त्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः ।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः ॥

इसमें कोई विशेष पाठान्तर नहीं ।]

समदुःखसुखः स्व[स्थ]ः समलोष्टाश्मकाञ्चनः ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तुल्यप्रियाप्रियो धीरस्तुल्यनिन्दात्मसंस्तुतिः ॥ [१४।२४]
मानावमानयोस्तुल्यस्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः ।
सर्वारम्भपरित्यागी गुणातीतः स उच्यते ॥ [१४।२५]

[पहले पाद में अवमान के स्थान में महाभारत के कुछ लेखों में अपमान भी आ रहा है ।]

मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।
स गुणान्समतीत्यैतान्ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ [१४।२६]
सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं कारणं व्रज ।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥ [१८।६६]

[दूसरे पाद में कारणं के स्थान में महाभारत का एकमात्र पाठ शरण है ।]

[यह गीता का अन्तिम उद्धरण है । इसके पश्चात् अर्जुन कहते हैं] । महाराज कृष्ण, आपकी आज्ञा से मेरा मोह नष्ट हुआ और आपके प्रसाद से सुबुद्धि और मेधा मुझे प्राप्त हुई । मेरा मन स्थिर हो गया । मेरे संदेह समाप्त हुए । यह दास अब आपके वचनों का पालन करेगा । [यह गीता के श्लोक ७३ का अनुवाद है ।]

* * *

अन्त में हमको इस प्रश्न पर विचार करना है कि जावा की प्राचीन और आधुनिक गीता में ये भेद कस उत्पन्न हुए ।

महाभारत बृहत्काय ग्रन्थ है । इसके रचनाकाल का निश्चय करने के लिए कोई साधन हमारे पास नहीं ।

भारतीय साहित्य के तिथिक्रम की रूपरेखा पाश्चात्य विद्वानों ने बनाई है । अनेक प्रकार के अनुमानों का सहारा लेकर उन्होंने महाभारत ग्रन्थ के रचनाकाल को लगभग २,००० वर्ष प्राचीन माना है । पश्चिमी रीति से अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने बहुधा उन्हीं का अनुकरण किया है । आज के लेख में महाभारत के रचनाकाल पर विचार करना हमारा उद्देश्य नहीं । महाभारत की रचना चाहे किसी भी समय हुई हो, किन्तु उसमें परिवर्तन किस प्रकार हुए यही विचार हमारा आज का ध्येय है ।

मूल महाभारत एक लाख श्लोक का न था, यह निश्चित है । इसकी वृद्धि, आख्यान आदि मिला कर की गई यह भी निर्विवाद है । महाभारत का एक लाख श्लोक २,००० वर्ष पूर्व विद्यमान था, इसका साक्ष्य उपलब्ध है ।

आरम्भ में मूल लेखक ने एक ही पाठ लिखा होगा । वारंवार अनुकृति, अध्ययन, अध्यापन, कथावार्ता करते हुए इस में पाठभेद होने लगे । यह पाठभेद इतने बढ़े कि आज महाभारत के कोई भी दो हस्तलिखित ग्रन्थ ऐसे नहीं मिलते जो सर्वथा एक हों । दक्षिण और उत्तर में तो पाठों का महान् अन्तर है । सहस्रों श्लोकों का भेद है । उत्तर में भी कश्मीर, नेपाल और बंगाल में उपलब्ध हस्तलेखों में विशेष भेद और साम्य दिखलाई देते हैं ।

भारत में संस्कृत के अनेक ग्रन्थ अनेक लिपियों में लिखे जाते रहे । कश्मीर प्रदेश की लिपि शारदा, नेपाल की नेवारी, बंगाल की बंगला, उड़ीसा की उड़िया, और पंजाब, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान आदि उत्तरापथ की लिपि देवनागरी । दक्षिण में तामिलनाड की ग्रन्थलिपि, केरल की

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मलयालम, महीशूर की कन्नड और आन्ध्र की तेलुगु। ये मुख्य नौ लिपियां हैं जिनमें महाभारत के हस्तलेख आज उपलब्ध होते हैं।

महाभारत के पाठान्तरों का अध्ययन करने के लिए पूना ने प्रयास किया। इनके प्रयास-स्वरूप महाभारत का पाठान्तरयुक्त संस्करण निकलना आरम्भ हुआ। इस संस्करण में प्रत्येक पर्व के लिए न्यूनाधिक ४० हस्तलेखों का प्रयोग किया जा रहा है। एक समय था जब यह संख्या बहुत बड़ी मानी जाती थी और समझा जाता था कि वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह संख्या सुपर्याप्त होगी।

इस संस्करण में केवल उन्हीं हस्तलेखों का प्रयोग किया गया है जो मिश्रित नहीं। मिश्रित हस्तलेख उनको माना जाता है जिनमें उत्तर और दक्षिण अथवा किन्हीं भी दो अथवा अधिक उपशाखाओं के पाठों का मिश्रण हो।

मिश्रण कई प्रकार का है। एक प्रकार तो यह है कि एक शाखा के हस्तलेख में दूसरी शाखा के अधिक श्लोकों को जोड़ दिया गया हो। यह मिश्रण सरलतम है। किन्तु दूसरा मिश्रण अधिक जटिल है। उसका प्रकार यह है कि एक ही श्लोक में कुछ पाठ एक शाखा का और कुछ दूसरी शाखा का।

महाभारत की मुख्य दो शाखाएं हैं। उत्तर और दक्षिण। ये शाखाएं एक ही मूल से निकली हैं। तत्पश्चात् दोनों में घटती बढ़ती होती रही। इतना ही नहीं दोनों का एक दूसरे पर प्रभाव भी पड़ता रहा है। काशी जैसे तीर्थों और पाटलीपुत्र और उज्जयिनी जैसी राजधानियों में दोनों शाखाओं के पण्डित और कथावाचक एक दूसरे से तुलना करके लाभ उठाते रहे।

मूल महाभारत के पाठ का निश्चय उन्हीं स्थलों के लिए किया जा सकता है जहां उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य के समस्त हस्तलेखों में एक ही पाठ हो। जहां अन्तर है वहां मूल जानने के लिए अभी तक किसी भ्रान्तिहीन विधि का आविष्कार नहीं हुआ।

पूना के सम्पादकों ने मिश्रित हस्तलेखों का प्रायः प्रयोग नहीं किया। उन्होंने इनको हेय माना। उन्हें क्या पता था कि मूल पाठ की गवेषणा में इनका कितना महत्त्वपूर्ण स्थान है। वे चालीस पचास की संख्या को ही अनुसंधान सामग्री की पराकाष्ठा मान बैठे। उनको कल्पना न थी कि जब भी प्राचीन काल में किए गए उद्धरणों की समालोचना करनी होगी तब पदे पदे अनेक पाठान्तर आएंगे जिनके लिए अपेक्षा होगी कि आजकल उपलब्ध समस्त महाभारत के हस्तलेखों का निरीक्षण किया जाए।

महाभारत को एक ग्रन्थ मानना भूल है। यह स्रोतग्रन्थ है। इस स्रोत से सहस्रों पुस्तकों की रचना हुई। इस दृष्टि से महाभारत के पाठों का अन्वेषण और सम्यग् उपस्थापन भारतवर्ष के साहित्य में आधारभूत कार्य है।

महाभारत की किस उपशाखा से ग्रन्थविशेष ने अपनी सामग्री ली, यह उस ग्रन्थ के सम्बन्ध में एक नई गवेषणा होगी।

अब जावा आईए। रामायण और महाभारत, जावा, बाली और लोम्बोक के प्राण हैं। वहां के ग्रन्थों के लिए तो महाभारत के समस्त पाठान्तरों का संग्रह हमारे पास अवश्य चाहिए।

जावा आदि द्वीपों में महाभारत के उद्धरणों, अनुवादों और व्याख्याओं से व्यक्त होता है कि जो महाभारत हस्तलेख उनके पास थे वे पूना-वाली किसी एक शाखा के न थे। वे तो मिश्रित शाखा के थे और इन्हीं को पूना वालों ने अस्पृश्य मान कर छोड़ दिया।

जावा का महाभारत साहित्य दसवीं, ग्यारहवीं शताब्दी का है। उनके पास जो भारतीय हस्तलेख

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रह होंगे वे उससे पूर्व के थे। सम्भव हो सकता है कि वे ३००, ४०० वर्ष भी पुराने हों। ये इन्हलेख सौराष्ट्र, पल्लव और वंग आदि देशों से गए होंगे।

गीता के पाठान्तरों में सभी जावी पाठ मान्य नहीं। इनमें बहुत कुछ अपभ्रष्ट हुए हैं। किन्तु फिर भी अनेकों पाठ भारत से गए हैं। भारतवर्ष के साहित्य पर १४००, १५०० वर्ष पूर्व की दृष्टि हमको जावा से प्राप्त होती है। हम उसका अभिनन्दन करते हैं॥

रघुवीर

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कश्मीरी भाषा

में

संस्कृत अंश

SANSKRIT ELEMENT

IN

KASHMIRI VOCABULARY

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अ

अकांक्षित आकाँछु 19 अकाल अकोलु 21
अकाल पुष्प अंकालि पोश् 21 अकाल मरण अकालि मरुन् 21
अकुलीन अक्वल्युनु 21 अक्षर अछुर् 9
अक्षर बुभुक्षित अछरब्वछु 9
अक्षर प्रति अक्षर अछर-पत्-अछर literatim 9
अक्षि-तिमिर अछि-त्यम्बर् cataract 8
अक्षि-प्रान्त अछि प्रान्थ् 8 अगाध अगाद् 16
अगुरु अगुर् 17 अग्नि अगुन् 16
अघोर अगोर् 17
अंक आ । a numeral mark 20
अंग अंग्, अंगभोज अंगबुज़् tonic 33
अंगरद्ध अंगदरु 33 अंगदोष अंगदूष् 33
अंगराग अंगराग् cosmetic, अंग-वलय अंग वोलु earring 33
अंगहीन अंगहूनु 33
अंगीकार आँचिकार् promise 9
अँगोछा (हि.) अंगोच 33 अचुम्बन अच्चम्बु 70
अचेतस् अच्यतु 70 अंछिन्न अछ्यन्नु 70
अज्ञान अग्यान् 17 अटल अटल् 67
अतक्षित अतछु 53 अतनु अतनु not thin 68
अतसी-कोश अलिशि कशु husk of linseed 25
अतुलित अतूलु 67 अदृष्ट अड्यूठु 16
अद्वय अद्वय् not distinct 16 अधम अदम् 14
अधा (Vedic) अद्ध 12 अधिकार आदिकार् 14
अधिकारी अदिकारी 14 अधीन अदीन् 14

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अधैर्य अदोरु 15 अध्याय अद्याय् 16

अध्रुव अदरु 15 अनन्त अनन्थ् 35

अनम् अनमु not bent 34 अनादर अनादर् 32

अनिच्छा अनिच्छा 36 अनुग्रह अनुग्रह् 34

अनुभव अनुबव् 31 अनुष्ण अबुषनु cooled 72

अनेक अनेख् 34 अन्त अन्द् 31

अन्त अन्दुन् to end 32 अन्त आन्थ् 35

अन्त-अन्त अन्दुकु अन्द् end of all 31

अन्तःकरण अन्तकरन् 36

अन्तर अन्दर्, अन्दर-तम् darkness of inside 32

अन्तिम अन्दुकु, अन्द्युमु 31, 33 अन्त्येष्टि अन्त्रेठ् 36

अन्त्र अन्दर् 32 अन्धकार अन्दकार् 32

अन्न अन् 29 अन्नमुष्टि अन्मुठ् 29

अपकार अपकार् 38 अपमान अपमान् 38

अपयशः अपयश् 40 अपराध अपराद् 39

अपशब्द अपशब्द् 40 अपहास अपहोस 38

अपुत्र अप्वथर् 40 अपूर्व अपूर्व् 39

अपृष्ट अप्र्युछु 39 अप्रकट अप्रखटु 39

अप्रकटत्व अप्रखच्यर् 39

अप्रबुद्ध अप्रुबदु un-educated 39

अप्रसन्न अप्रसन् 39 अप्रिय अप्रयु disaffection 39

अबल अबल्, अबल्-वनु weakened by illness, nearly arrived at puberty 6

अबुद्ध अब्बदु 6

अभग्न अबन्ज़रु not divided 6

अभाजन अबाज़ुन् worthless fellow 7

अभाव अबाव्, अबावथ् 7

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अभासन अबासुन् invisibility 7
अभिन्नता अब्यनर् identity 6
अभिमान अबिमान् 6 अभेद अबीद् 6
अभोग अबूगुन् 6 अभ्र अबुर् 6
अमंत्रित अमूँत्रु not charmed 29
अमरभूति अमरबूथ् 29
अमित अम्यूनु un-measured, un-weighed 29
अमूल्य अम्वलु 28 अमृत अमृथ् 29
अमृत आँतु 53 अमृतधारा आँतदार 53
अयन अयन् sun's course 73 अयुत अरवथ् 73
अयोग्य अयोग्य् 73 अयोग्यता अयोग्यता 73
अरस अरसु 44
अरात (हि.) अराथ् evening 45 अरुचि अरूचु 45
अरोपित अरुवु not transplanted 45
अर्घ अरग् 43 अर्चन अर्चन् 45
अर्चा आरिछ 45 अर्जन अर्जुन् 46
अर्जन अर्जुथ् 46 अर्थ अर्थ् 45
अर्थात् अर्थात 45
अलक्त अलुतु lac-dye 25 अलिखित अल्यूखु 26
अवगाहन अवगहन् 71 अवगुण अवरवन्, ओरवन् 71
अवतार औतार् 68 अवधि अवद् 71
अवमान ओमान् 28 अवमान अवमान् 71
अवसर अवसर् 72 अवस्था अवस्था 72
अविचार अव्यचार्, अविचोरु, अविचारि 72,73
अविदित अव्यदु 72
अविधि अव्यद् 71 अविधिना अव्यजू किनि 71
अविनाश अविनाश् 71 अविश्वासी अविश्वासी 72

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अवीक्षण अवुछु 71 अशंक अश्यूँकु 49
अशब्द अशब्द् 48 अशीतल अशहलु 48
अशुद्ध अश्वद् 48 अशुद्धत्व अश्वज़र् 49
अशुद्धि अश्वदी 48 अशुभ अशूबु ugly 48
अशुभ अश्वब् un-lucky 48 अशौच अशोछ् 49
अश्र अशु 47 अश्रुघटा अशिगट 47
अ धारा अशिदार 47 अश्वारोह अश्ववार् 49
असत्य असथ् 51 असम असमु 50
असमता असम्यर् 50 असंमुख असमखु 50
असहन असहुन्र् 49 असाधित असोदु 47
असार असार् 51 अपार असोरु 51
असावधान असाविदान् 52 असिक्त असगु 47
असिद्धि अस्यद् 47 असीवित असुवु not sewn 52
असुंदर अस्वन्दर् 51 अस्त अस्थ् 51
अस्तव्यस्त अस्त व्यस्थ् 52
अ-स्मृ अस्वरु without remembering 51
अस्वादु असोदु 47 अस्वादु असादुलु 47
अहंकार अहंकार् 18 अहंकारी अहंकारि 18
